WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आस-पास 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2017 /72749 भोपाल, शुक्रवार 7 नवंबर 2025 , कृष्ण पक्ष द्वितीया , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -9 अंक -174 पृष्ठ -08 मूल्य-4 भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम यादव 877 नव-चयनित शासकीय सेवकों को प्रदान करेंगे नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश

आज कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में होगा आयोजन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 नवम्बर को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में वन एवं लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा विभाग के कुल 877 अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति एवं पदस्थापना आदेश प्रदान करेंगे। इसमें वन विभाग के 543 नव-नियुक्त शासकीय सेवक (वनरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल) और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 334 नव-नियुक्त शासकीय सेवक (विशेषज्ञों एवं नर्सिंग ऑफिसर) शामिल हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा वर्ष 2024-25 से चयनित 75 निश्चेतना विशेषज्ञ, 62 सर्जरी विशेषज्ञ, 106 शिशु रोग विशेषज्ञ एवं 91 नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति आदेश दिए जाएंगे। वन विभाग में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चौथे मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया

क्वींसलैंड (आईएएनएस)। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को क्वींसलैंड में खेले गए चौथे टी20 मैच में 48 रन से हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम के दिए 168 रन के लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 18.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत करने उतरे कप्तान मिशेल मार्श 30 और मैट शॉर्ट 25 के अलावा सारे बल्लेबाज फ्लॉप रहे। आखिरी पांच बल्लेबाज दो अंकों में भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया को 119 रन पर समेटने में भारतीय स्पिन गेंदबाजों का अहम योगदान रहा। वाशिंगटन सुंदर ने 1.2 ओवर में 3 रन देकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

बिहार का मुख्यमंत्री बनने का हसीन सपना देखने वाले नये मुंगेरी लाल उर्फ लालटेन वाले भैया बहुत ही लंबी लंबी छोड़ रहे हैं। लोकलुभावन आसमानी चुनावी घोषणाएं करने में तो उन्होंने नया रिकॉर्ड पहले ही बना दिया है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा है कि उनके पिता श्री लालू प्रसाद यादव ने जो काम किया है वह पीएम मोदी सात जन्मों में भी नहीं कर सकते। यह बात तो उन्होंने बिल्कुल सही कही है। मोदी तो क्या दुनिया का कोई भी नेता जानवरों का चारा नहीं खा सकता।

प्रथम चरण : बिहार में 60.13% मतदान

लखीसराय में डिप्टी सीएम और राजद एमएलसी के बीच भिड़ंत

पटना (वार्ता)। मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जमालपुर के जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार के घर पुलिस पहुंची, उनके साथ मारपीट कर थाने ले गई। शैलेश कुमार का आरोप है कि पुलिस ने उनके कई समर्थकों को बिना किसी कारण हिरासत में लिया और दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की जा रही है ताकि उनके चुनाव अभियान को कमजोर किया जा सके। पूर्व मंत्री ने जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिले की तारापुर, जमालपुर और मुंगेर विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण और सामान्य रूप से जारी है।

सीवान में भाजपा प्रत्याशी का विरोध

सीवान के गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के लकड़ी नवीगंज प्रखंड स्थित बूथ संख्या 349 और 350 लकड़ी मकतब पर भाजपा प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के पहुंचने पर विवाद हो गया। आरोप है कि उन्होंने वहां मौजूद मुस्लिम महिला मतदाताओं से बुर्का हटाने को कहा, जिसके बाद स्थानीय वोटरों ने कड़ा विरोध जताया। मौके पर हंगामा बढ़ने पर लोगों ने वोट चोर गद्दी छोड़ो के नारे लगाए। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ।

वोटर आईडी चेक करने पर भड़के भाई वीरेंद्र

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। इस दौरान पटना जिले के मनेर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत महिनावा स्थित मध्य विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 79 पर पुलिस कर्मियों के द्वारा मतदाताओं की वोटर कार्ड चेक करने के दौरान रोके जाने पर मनेर के वर्तमान विधायक व राजद प्रत्याशी भाई वीरेंद्र ने इसका विरोध करते हुए पुलिसकर्मी को चेतावनी दी। इस दौरान मतदान केंद्र पर पुलिसकर्मी और विधायक के बीच काफी देर तक कहा सुनी के साथ ही हो हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक भाई वीरेंद्र पुलिसकर्मी को मतदाताओं को रोके जाने को लेकर कड़ा विरोध जताया। जिसे लेकर मतदान केंद्र पर काफी देर तक गहमा गहमी की स्थिति बनी रही।

राजद एमएलसी और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के बीच भिड़ंत

लखीसराय में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और राजद एमएलसी के बीच तकरार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। विजय सिन्हा में कहा कि राजद एमएलसी ने शराब पी ली है। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। वहीं एमएलसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि रात में इनको पैसा बांटने नहीं दिया गया। इसीलिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लोगों ने हमारी गाड़ी रोकी और गुंडागर्दी पर उतर आए। वह चुनाव हार गए इसलिए बौखला गए हैं। विजय सिन्हा का चैप्टर बंद हो चुका है। उन पर हमला नहीं हुआ। वो कई दिनों से ये नाटक रचने का प्रयास कर रहे थे। मोकामा विधानसभा के दवें भदौर में राजद प्रत्याशी वीणा देवी के पति और बाहुबली सूरजभान सिंह का विरोध किया गया। वह मतदान की अपील करने गए थे। इसी दौरान लोगों ने उनका विरोध कर दिया। हालांकि, उन्होंने ने मतदाताओं को समझाने की कोशिश जरूर की लेकिन, किसी ने उनकी एक न सुनी। इसके बाद वह वहां से लौट गए। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लखीसराय मामले में सीईसी ने डीजीपी को दिया निर्देश

लखीसराय में बूथ पर हंगामे के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बिहार के डीजीपी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। लखीसराय एसपी खुद घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। एडिनिशल सीईओ अमित कुमार पांडेय ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के विकास और कल्याण के लिए राज्य सरकार कर रही है निरंतर कार्य : सीएम यादव

सीएम यादव ने केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों से चर्चा

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास तथा कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य शासन विभिन्न सुझावों के प्रति संवेदनशील और नवाचारों के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पहुंची अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए गठित केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों के साथ चर्चा में यह बात कही।

केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष श्री कुलस्ते ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय समिति द्वारा मैदानी स्तर पर समीक्षा की जा रही है। साथ ही कर्मचारियों के सेवा में प्रतिनिधित्व और उनके लिए संचालित कल्याणकारी गतिविधियों की प्रगति का भी आंकलन किया जा रहा है। योजनाओं व कार्यक्रमों के संबंध में समिति ने स्थानीय समुदायों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया है। समिति द्वारा तैयार की जा रही यह रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की जाएगी।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुरेश रैना और शिखर धवन पर ईडी का शिकंजा

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की मुश्किल बढ़ गई हैं।

■ 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क; सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई

गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सट्टेबाजी एप केस में कार्रवाई करते हुए दोनों की 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली। सूत्र ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट 1&बेट के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धवन की 4.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

बिहार में अब शहाबुद्दीन जैसे बाहुबली कभी नहीं पैदा हो सकते : अमित शाह

मोतिहारी (आईएएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को मोतिहारी जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जंगलराज में अपहरण, खून, डकैती-फिरौती करने वाले कभी बिहार का भला नहीं कर सकते हैं। पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि बिहार में जंगलराज को रोकने का काम पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी कर सकती है। राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि अभी दो माह पहले राहुल गांधी ने यात्रा निकाली। यह यात्रा किसानों, युवाओं के लिए नहीं थी, बल्कि घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली गई थी। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि वे घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं।

वंदे मातरम् की गूंज नई पीढ़ी में जगाएगी राष्ट्रप्रेम और गर्व की भावना : साय

रायपुर/नवप्रदेश। 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पूरे देश के लिए गर्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय अवसर है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा।

पहला चरण 7 नवम्बर से होगा प्रारंभ

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवम्बर 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रातः 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पश्चात पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। गीत के बोल और धुन पोर्टल vandemataram150in पर उपलब्ध हैं।

चार चरणों में होगा आयोजन

कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित होगा- प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर 2025, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ), और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा। इस दौरान राज्य के सभी जिलों, जनपदों, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बांग्लादेश के चटगांव में फिर मचा बवाल

ढाका (आईएएनएस)। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के शासन में अराजकता की स्थिति बनी हुई है। चटगांव जिले के रावजान उपजिला में स्थानीय प्रभुत्व को लेकर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के दो गुटों में हिंसक बवाल देखने को मिला। देखते ही देखते बवाल इतना बढ़ा कि पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुट द्वारा कथित तौर पर बंदूक से किए गए हमले में बीएनपी के कम से कम पांच कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना बुधवार रात रावजान के बागवान यूनियन के चौधरीपारा इलाके में हुई। घायलों की पहचान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरजेडी के 15 साल के जंगलराज में हुआ शून्य विकास: पीएम मोदी

अररिया (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल पर एक बार फिर जंगलराज का हमला दोहराते हुए आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में बिहार में विकास शून्य (निल बट्टे सन्नाटा) रहा। अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 1990 से 2005 तक के 15 वर्षों में 'जंगलराज की सरकार ने बिहार को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूटपाट की गई। आपको बस एक आंकड़ा याद रखना है, उन 15 वर्षों में बिहार में कितने एक्सप्रेसवे बने? शून्य। शून्य यानी 'निल बटे सन्नाटा। कोसी नदी पर कितने पुल बने? शून्य। पर्यटन सर्किट कितने विकसित हुए शून्य। युवाओं और बेटियों के लिए कितने खेल परिसर बने? फिर से शून्य। मेडिकल कॉलेज, आईआईटी,आईआईएम कुछ नहीं बना।

प्रधानमंत्री मोदी 8 को करेंगे वाराणसी का दौरा

भारत की आधुनिक रेल अवसंरचना के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 नवंबर को सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

'बिहार चुनाव धर्म-अधर्म की लड़ाई', सीएम यादव-बोले, कांग्रेस ने हमेशा जनता को भ्रमित किया

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के प्रचार में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह चुनाव धर्म और अधर्म की लड़ाई है। उन्होंने जनता से एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

भोपाल/नवप्रदेश। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के प्रचार में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को जनसभाएं कीं। मधुबनी जिले की बिस्फी और गया जिले की वजीरगंज विधानसभा में उन्होंने एनडीए प्रत्याशियों हरिभूषण ठाकुर बचौल और बीरेंद्र सिंह के समर्थन में विशाल रैलियां कीं। सीएम ने कहा कि यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है, और बिहार की जनता इस बार एनडीए के साथ खड़ी है।

बिहार में माता सीता धाम बनेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने हमेशा समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है। ये लोग वोट बैंक की राजनीति के लिए भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बना और अब बिहार में माता सीता धाम बनेगा।

राहुल बिहार के मतदाताओं में भ्रम पैदा कर रहे

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी हरियाणा चुनाव की बातें उठाकर बिहार के मतदाताओं में भ्रम पैदा कर रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि पहले भी उन्होंने चुनाव आयोग और ईवीएम पर झूठे आरोप लगाए थे, जिनकी सुप्रीम कोर्ट में पोल खुल चुकी है।

अब बिहार विकास के रास्ते पर है

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि अब बिहार विकास के रास्ते पर है। एनडीए सरकार ने शराबबंदी, किसान सम्मान निधि और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जेन-जी को संविधान की रक्षा करनी है

चुनाव चोरी को रोकना हमारी जिम्मेदारी : राहुल गांधी

पूर्णिया (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को बिहार के पूर्णिया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद शिक्षा पर विशेष तौर पर काम किया जाएगा। राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बिहार में लाखों लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। जिनके वोट काटे गए, उनमें महागठबंधन के वोटर शामिल थे। वोटर लिस्ट में गलत नाम जोड़े गए हैं। जेन-जी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को पोलिंग बूथ पर सावधान रहना है। भाजपा के लोग 'चुनाव चोरीO करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार के युवाओं और जेन-जी को संविधान की रक्षा करनी है। हमें चुनाव चोरी करने वालों को रोकना है और ये हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ पर हमें वोट चोरी करने वालों को रोकना है, यही हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी के दम पर ही यह चुनाव जीत रहे हैं। मैंने हरियाणा चुनाव के बारे में बताया, यह बिहार में भी ऐसा ही कुछ कर सकते हैं, इसलिए युवाओं को इसे रोकना होगा। भाजपा हर

सिंहासन की जंग: सम्राट की होगी विजय या विजय बनेंगे सम्राट...विरासत की अग्निपरीक्षा

पटना (ए.)। बिहार की राजनीतिक रणभूमि इस समय एक अनोखे द्वंद्व की साक्षी बन रही है, जहां दांव पर सिर्फ दो सीटें नहीं, बल्कि भविष्य का सिंहासन है। इस महासमर का केंद्र भाजपा के दो उप-मुख्यमंत्री हैं विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी। यह सिर्फ एक संयोग नहीं, बल्कि एक राजनीतिक भविष्यवाणी है कि इस चुनाव का सबसे बड़ा सवाल इन दोनों नेताओं के नाम में ही छिपा है। चुनाव में जिसकी विजय होगी वही सम्राट होगा। ये दोनों नाम केवल संज्ञा नहीं हैं, बल्कि भाजपा की सत्ता संतुलन की रणनीति के दो सबसे बड़े मोहरे हैं। यदि इन दोनों संज्ञाओं का शाब्दिक अर्थ चुनावी नतीजों में परिणत होता है तो दोनों हस्तियां और भाजपा न सिर्फ विजय हासिल करेगी, बल्कि सत्ता का सम्राट भी बनाएगी। तो सवाल ये की विजय और सम्राट दोनों का भविष्य क्या है...इसे समझने के लिए अमर उजाला दोनों उप मुख्यंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र लखीसराय और तारापुर पहुंचा।

भाजपा ने इन चेहरों को उप मुख्यमंत्री बनाकर 'अगड़ा-पिछड़ा' का सशक्त जातीय संतुलन साधने की कोशिश की थी। राज्य में शासन और विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय का भी निर्णायक संदेश देनी की भाजपा की यह कोशिश कितनी फलीभूत होगी, इसका फैसला इन दोनों सीटों के नतीजे भी तय करेंगे।

एक तरफ, अगड़े वर्ग (भूमिहार) से आने वाले विजय कुमार सिन्हा अपने गढ़ लखीसराय में भयमुक्त शासन और विकास के नारों पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं, वहीं पिछड़े वर्ग (कुशवाहा) के बड़े चेहरे सम्राट चौधरी अपने पिता की राजनीतिक विरासत तारापुर

को बचाने की जद्दोजहद में हैं।

विवादों के बीच चुनाव: सत्ता का संतुलन और भविष्य का संकेत

दोनों उप-मुख्यमंत्रियों के साथ विवाद भी जुड़े हैं। सिन्हा के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था पर बहस उठी, तो सम्राट चौधरी पर उनके विरोधी खासकर प्रशांत किशोर ने आपराधिक अतीत को लेकर गंभीर हमले किए हैं। इन सबके बीच, केंद्रीय नेतृत्व ने सम्राट चौधरी को लेकर बड़ा संकेत दिया है। अमित शाह जैसे शीर्ष नेता ने उन्हें 'बड़ा आदमी बनाने' की बात कहकर यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा पिछड़े वर्ग के इस नेता को भविष्य में राज्य में प्रमुख भूमिका में बनाए रखेगी।

लखीसराय का 'भूमिहार महासमर'

बिहार की राजनीति में लखीसराय विधानसभा क्षेत्र भूमिहारों के दशकों पुराने सांस्कृतिक और चुनावी वर्चस्व का केंद्र है। यह क्षेत्र चर्चित सीट मोकामा से बिल्कुल जुड़ा हुआ है। भाजपा के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा यहां से भयमुक्त शासन और विकास के नारों पर लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के अमरेश कुमार 'अनीश' और जन सुराज के डॉ. राजीव रंजन से है।

एनडीए की दोहरी रणनीति और भूमिहार वोटों का विभाजन

सिन्हा के खिलाफ मैदान में उतरे तीनों ही प्रमुख प्रत्याशी भूमिहार समाज से आते हैं, जिससे लगभग 2 लाख भूमिहार वोटों का बंटवारा इस चुनाव का सबसे संवेदनशील गणित बन चुका है। एनडीए दोहरी रणनीति पर चल रहा है। एक ओर, सिन्हा अपने कार्यकाल में टाल (बाढ़ प्रभावित क्षेत्र) और ग्रामीण इलाकों में सड़कों, बिजली पहुंचाने का श्रेय लेते हैं, जिसका असर बुजुर्ग मतदाताओं के बीच दिख रहा है। दूसरी ओर, भूमिहार वोटों के त्रिकोणीय विभाजन का सीधा फायदा एनडीए को गैर-भूमिहार (जैसे वैश्य) वोटों को एकजुट करके मिल सकता है। सिन्हा के खिलाफ लंबे समय से यहां होने के चलते उनके भूमिहार समाज में ही खासा विभाजन होते दिख रहा था। हालांकि, मोकामा की हिंसा के बाद राजनीति ने थोड़ी करवट ली है और भूमिहार वोटरों में बंटवारा पहले जैसा होता नहीं दिख रहा है। यह फैक्टर सिन्हा को थोड़ी राहत दे रहा है।

महागठबंधन की सेंधमारी और मोकामा फैक्टर

महागठबंधन का लक्ष्य यादव, मुस्लिम वोटों को एकजुट करके, कुशवाहा और वैश्य वोटों में सेंधमारी करना है। मोकामा में हालिया घटना ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर बहस को फिर से जिंदा कर दिया है। लखीसराय शहर के कुछ हिस्सों में 'लंबे समय से एक ही प्रत्याशी' के खिलाफ निराशा है, जिससे महागठबंधन 'परिवर्तन' और स्थानीय आवाज को मुखर कर रहा है। लखीसराय की जंग तय करेगी कि क्या विकास का नारा और सांस्कृतिक पकड़, एंटी-इंकम्बेंसी और जातीय विभाजन की दरारों को भर पाएगी। वैसे मोकामा की घटना से यहां भूमिहार वोट विजय सिन्हा के पक्ष में लामबंद होते दिखाई दे रहे हैं। इससे महागठबंधन प्रत्याशी डा. राजीव राय जो कि पहले कुछ बढ़त में दिख रहे थे, उसको चुनौती मिली है।

तारापुर का 'कुशवाहा किला' सम्राट के लिए कितना अभेद्य

बिहार के दूसरे उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लिए मुंगेर जिले की तारापुर सीट सिर्फ एक चुनावी क्षेत्र नहीं, बल्कि चौधरी परिवार की विरासत और कुशवाहा राजनीति के शीर्ष नेतृत्व का प्रश्न है। यह सीट उनके पिता पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी का गढ़ रही है, जो समता पार्टी के संस्थापकों में से थे और राष्ट्रीय जनता दल के साथ-साथ अन्य दलों में भी रहते हुए सात बार विधायक और सांसद बने थे।

मुख्यमंत्री पद के संकेत और विकास की आस

सम्राट चौधरी, जो कुशवाहा समुदाय के सबसे बड़े नेताओं में से एक हैं, विधान परिषद छोड़कर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके इस कदम के गहरे राजनीतिक मायने हैं, जिसे अमित शाह ने 'बड़ा आदमी बनाने' की बात कहकर और भी स्पष्ट कर दिया है। यानी, भाजपा सम्राट चौधरी को भविष्य में राज्य के सर्वोच्च नेतृत्व के तौर पर देख रही है। सम्राट चौधरी ने डिप्टी सीएम रहते हुए क्षेत्र के लिए रिंग रोड, रेल परियोजना और औद्योगिक पार्क जैसी कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया है। एनडीए का भरोसा कुशवाहा वोटों को एकजुट करने के साथ-साथ अपने परंपरागत सवर्ण और वैश्य मतदाताओं के थोक वोट पर है।

महागठबंधन की चुनौती: आपराधिक अतीत और 'बाहरी' का मुद्दा

तारापुर में सम्राट चौधरी का मुकाबला सीधे महागठबंधन के राजद प्रत्याशी अरुण कुमार साह से है। जन सुराज के डॉ. संतोष सिंह के मजबूती से लड़ने से यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। साह की सबसे बड़ी ताकत उनकी अपनी वैश्य जाति का मजबूत समर्थन और 2021 के उपचुनाव में जेडयू प्रत्याशी को 4000 से भी कम मतों के अंतर से कड़ी टक्कर देने का अनुभव है। हालांकि, उनकी कमजोरी यह है कि उन्हें सम्राट चौधरी के राष्ट्रीय कद और स्थानीय 'विकास' के नारों का सामना करना पड़ रहा है। महागठबंधन की रणनीति स्पष्ट है कि यादव और मुस्लिम वोटों को एकजुट कर वैश्य वोटों को मजबूती देना और इस उम्मीद में कुशवाहा वोटों में सेंध लगाना कि 'बाहरी उम्मीदवार' का मुद्दा सम्राट चौधरी के खिलाफ काम करे।

सम्राट पर पीके ग्रहण

सम्राट के खिलाफ सबसे बड़ा विवाद प्रशांत किशोर के आरोपों से जुड़ा है। उन्होंने सम्राट चौधरी पर 1995 के एक मर्डर केस का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है।

पहले चरण में 16 मंत्रियों का भाग्य ईवीएम में कैद

कल्याणपुर में हुआ सबसे ज्यादा 70 फीसदी मतदान

पटना (ए.)। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग खत्म हो गई है। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 60.13 फीसदी वोटिंग हुई है। बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32फीसदी और शेखपुरा में सबसे कम 52.36फीसदी वोटिंग हुई। हालांकि अगर पहले चरण के मंत्रियों की सीटों पर बात की जाए तो सबसे ज्यादा कल्याणपुर में 71. 62फीसदी और सबसे कम बांकीपुर 40.00फीसदी में मतदान हुआ।

विधानसभा	2020 में वोटिंग (फीसदी)	2025 (5 बजे तक)
सोनवर्षा	53.73	56.17फीसदी
दरभंगा (सदर)	55.79	58.29फीसदी
जाले	54.14	58.68फीसदी
कुढ़नी	64.18	59.47फीसदी
साहेबगंज	59.56	62.63फीसदी
भोरे	53.98	61.05फीसदी
अमनौर	56.57	64.98फीसदी
सीवान	54.42	57.38फीसदी
कल्याणपुर	57.93	71.62फीसदी
सरायरंजन	60.86	70.19फीसदी
बछवाड़ा	60.87	69.67फीसदी
बिहारशरीफ	48.51	53.05फीसदी
नालंदा	54.68	60.63फीसदी
बांकीपुर	35.91	40.00फीसदी
लखीसराय	52.78	60.51फीसदी
तारापुर	55.00	58.33फीसदी

सहरसा जिले की सोनवर्षा सीट से जदयू के रत्नेश सदा के सामने कांग्रेस की सरिता देवी चुनाव मैदान में हैं। इस आरक्षित सीट पर जनसुराज ने भी दुसाध जाति के रिटायर्ड टीचर सत्येन्द्र हाजरा को उतारा है। दरभंगा (सदर) से भाजपा के संजय सरावगी के सामने विकासशील इंसान पार्टी के उमेश सहनी हैं। वह मुकेश सहनी की जाति से हैं, यानी मल्लाह हैं। जन सुराज से रिटायर्ड आईजी आरके मिश्रा मैदान में हैं। प्लुरल्स पार्टी की पुष्पम प्रिया चौधरी मैदान में हैं। भितरघात से लड़ना ही बड़ी चुनौती है। जाले से भाजपा के जिवेश कुमार के सामने कांग्रेस के ऋषि मिश्रा मैदान में हैं। यह राजद में थे और अंतिम समय में कांग्रेस का टिकट लेकर उतरे हैं। पिछली बार कांग्रेस के प्रत्याशी रहे मशकूर अहमद रहमानी इस बार निर्दलीय मैदान में हैं। मुस्लिम वोट पर सबकुछ निर्भर करता है। जनसुराज ने लोहार जाति के रंजीत शर्मा को चुनाव में उतारा है। कुढ़नी से भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता के सामने राष्ट्रीय जनता दल के बबलू कुशवाहा उतारे गए हैं।

जनसुराज ने यहां से मोहम्मद अली इरफान को मैदान में उतारा है।

साहेबगंज से भाजपा के राजू कुमार सिंह के सामने राष्ट्रीय जनता दल के पृथ्वी राय मैदान में हैं। भाजपा को नुकसान पहुंचाने के लिए जनसुराज ने यहां राजपूत जाति से ठाकुर हरिकिशोर सिंह को उतारा है। सीवान से भाजपा के मंगल पांडेय के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने अवध बिहारी चौधरी को उतारा है। अवध बिहारी चौधरी महागठबंधन सरकार के समय विधानसभा अध्यक्ष भी रहे थे। यहां जन सुराज ने भाजपा को राहत दी है। राजद-कांग्रेस के कोर वोट बैंक मुस्लिम धर्म के शेख वर्ग से बिजनेसमैन इंतक़ाब अहमद को उतारा गया है। लखीसराय से भाजपा के विजय कुमार सिन्हा के सामने कांग्रेस के अमरेश कुमार अनीष मैदान में हैं। भाजपा के कोर वोटर को ध्यान में रखते हुए जन सुराज ने यहां भूमिहार वर्ग के शिक्षाविद् सूरज कुमार को टिकट दिया है। तारापुर से भाजपा के सम्राट चौधरी के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने अरुण साह को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर जन सुराज का निशाना भाजपा के कोर वोटर हैं, इसलिए उसने राजपूत चिकित्सक को मैदान में उतारा है। डॉ. संतोष सिंह यहां सम्राट चौधरी और अरुण साह से मुकाबिल हैं।

गोपालगंज की भोरे से जदयू के सुनील कुमार के सामने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, यानी भाकपा माले ने प्रत्याशी उतारा है। भोरे से माले ने पासवान जाति के धनंजय को प्रत्याशी बनाया है। यहां से जन सुराज प्रत्याशी प्रीति किन्नर के उतारे जाने के बाद यह सीट चर्चा में है। वहीं सारण की अमनौर से भाजपा के कृष्ण कुमार मंटू के सामने राष्ट्रीय जनता दल ने सुनील राय को उतारा है। भाजपा के कोर वर्ग भूमिहार जाति को साधने के लिए जन सुराज ने यहां से राहुल सिंह को टिकट दिया है। समस्तीपुर-यहां की कल्याणपुर से जदयू के महेश्वर हजारी से मुकाबले के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, यानी भाकपा माले ने रंजीत राम को मैदान में उतारा है।

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर विशेष

पैर पसार रहा है कैंसर, जागरूकता से रोकी जा सकती हैं मौतें



डॉ. देवेन्द्र नाथ शर्मा

कंसर का नाम सुनते ही मन में डर पैदा हो जाता है द्य कैंसर हो जाने की जानकारी होने पर रोगी और उसके परिजन, मित्र व पड़ौसी; सभी भयभीत होकर असहज हो जाते हैं। असाधारण पीड़ादायक होने व जान के जोखिम के कारण कैंसर रोगी के भावी जीवन को लेकर शंकाए-आशंकाएं पीड़ित परिवार के दुःख और मानसिक तनाव को बढ़ा देती हैं द्य दुनिया भर में हर वर्ष कैंसर से लगभग 1 करोड़ अर्थात प्रति दिन 2700 से अधिक कैंसर के नए रोगी पहचाने जाते हैं। यह रोग, दुनिया भर में होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण है द्य जानलेवा प्रकृति के कारण इसे भयावह बीमारियों में से एक माना जाता है जिससे कैंसर रोगी से लोगों के लिए इस पर खुलकर चर्चा करना अक्सर मुश्किल हो जाता है।

उपलब्ध आंकड़ों के हिसाब से भारत में 2024 में 15.60 लाख कैंसर के कुल रोगी अर्थात प्रति दिन औसतन 4 हजार रोगी चिन्हांकित हुए हैं द्य इनमें से 49% पुरुष और 51.9% महिला रोगी हैं। इनमें पुरुषों में फेफड़े के कैंसर के 1,01,371 तथा महिलाओं में स्तन कैंसर 2,21,757 व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के 75,209 मामले हैं।

भारत में कैंसर के प्रकार में 6 तरह के कैंसर ज्यादा होते हैं, जिसमें फेफड़ों का कैंसर, मुंह व गले का कैंसर, पेट का कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर और कोलोन व मलाशय यानि कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। देश में प्रतिदिन 608 महिलाएं में स्तन कैंसर की पहचान होती है। पुरुषों में फेफड़ा संबंधी कैंसर के 383 मामले प्रतिदिन प्रतिवेदित हो रहें हैं द्य महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा के कैंसर के 200 मामले प्रतिदिन के औसत से सामने आ रहे हैं ।

कैंसर के ज्यादातर मामलों में ट्यूमर होता है द्य कैंसर को उसकी गंभीरता के आधार पर चार अवस्थाओं यानि स्टेजेस में बांटा गया है द्य पहली शून्य स्टेज, जिसमे शरीर में कुछ असाधारण कोशिकाए उपस्थित हो सकती हैं, जो कैंसर होने की सम्भावना को बढ़ाती हैं । इस अवस्था को कैंसर रोग की स्थिति होना नहीं माना जाता है । फिर, प्रथम स्टेज, जिसमे अनियंत्रित कोशिकाएं एक क्षेत्र तक ही फैली होती हैं और ट्यूमर छोटे आकार का होता है । इसके बाद, दूसरी व तीसरी स्टेज, जिसमें ट्यूमर का आकार बढ़ जाता है और कैंसर संक्रमित कोशिकाएं पास के अंगों और लिम्फ नोड्स में फैल जाती हैं। अंतिम, चौथी स्टेज, जिसे मेटास्टेटिक कैंसर कहा जाता है द्य यह अवस्था जानलेवा हो सकती है क्योंकि इस अवस्था में कैंसर दूसरे अंगों तक फैल चुका होता है द्य यह भी जानना चाहिए कि जो ट्यूमर कैंसर नहीं होते, उन्हें सौम्य ट्यूमर कहा जाता है। सौम्य ट्यूमर शरीर में कहीं और नहीं फैल सकते। लेकिन अगर ये बढ़कर आस-पास के अंगों पर दबाव डालते हैं, तो ये समस्याएँ पैदा कर सकते हैं।

कैंसर के लक्षण उसके प्रकार और स्थान के अनुसार अलग-अलग होते हैं, पर सामान्यतः शरीर का वजन अचानक कम होना या बढ़ जाना, ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना, त्वचा में गांठ बनना, त्वचा के रंग में बदलाव होना, पाचन संबंधी समस्या, कब्ज या दस्त होना, आवाज बदल जाना, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, घाव ठीक होने में ज्यादा समय लगना, भूख कम लगना, लिम्फ नोड्स में सूजन, महिलाओं के स्तनों में गाँठ का होना महसूस करना आदि कैंसर के संभावित लक्षणों में हैं। इन स्थितियों में चिकित्सकीय परीक्षण जरुर करवाना चाहिए।

कैंसर क्या है?



हमारे शरीर में कोशिकाओं का लगातार विभाजन होना एक सामान्य प्रक्रिया है, जो पूर्णतः शारीरिक नियंत्रण में होता है द्य लेकिन जब किसी विशेष अंग की कोशिकाओं की विभाजन प्रक्रिया पर शरीर का नियंत्रण नहीं रह जाता है तो वे असामान्य रूप से बढ़ने लगती है और ट्यूमर का रूप ले लेती है, इसे कैंसर कहा जाता है। अर्थात शरीर में होने वाली असामान्य और खतरनाक स्थिति, जिसमें कोशिकाओं की असामान्य वृद्धी होती है, उसे कैंसर कहते हैं। ज्यादातर कैंसर ट्यूमर के रूप में होते हैं, लेकिन ब्लड कैंसर के मामले में ट्यूमर नहीं होता है। किन्तु यह ध्यान रखना जरुरी है कि हर ट्यूमर कैंसर नहीं होता है।

कैंसर के प्रकार और उसकी अवस्था के आधार कैंसर रोग चिकित्सक कौन सा उपचार उपयुक्त होगा, यह तय कर उपचार करते हैं द्य सामान्य तौर पर सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशनथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, हार्मोनथेरेपी, और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट आदि कैंसर के उपचार की विधियाँ हैं द्य रोग व उपचार के द्वितीयक दुष्प्रभावों से रोगी को बचाने हेतु उपयुक्त खान-पान व चिंताओं-भावनाओं के नियंत्रण के परिजनों द्वारा उपाय उपचार में सहायक होते हैं।

कैंसर हो जाने पर व्यक्ति शारीरिक रूप से आय अर्जन व अन्य गतिविधियों में अक्षमता महसूस करने लगते हैं द्य अपने भावी जीवन के प्रति आशंकित होकर गहन चिंता और कभी कभी अवसाद में आ जाता है।

स्वयं के उपचार में होने वाले खर्च के कारण परिवार पर आये बोझ का कारण स्वयं को मान कर कुंठित होने लगते हैं द्य रोगी के परिवार पर भी भावनात्मक, वित्तीय और शारीरिक रूप से गहरा प्रभाव पड़ता है।

बड़े नगरों के अस्पतालों तक बार-बार आने जाने, ठहरने, जांच व उपचार, आदि की हैसियत से अधिक लागत और आय में कमी के कारण परिवार पर वित्तीय बोझ बढ़ जाता है ।

ऐसी स्थिति में परिवार के सदस्य तनाव, चिंता और उदासी का अनुभव करते हैं। परिवार की भूमिकाओं और दैनिक जीवन में बदलाव आता है, और रोगी की देखभाल करने वाले अक्सर सबसे ज़्यादा प्रभावित होते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। गरीब व निम्न-मध्य आय के वर्ग के परिवार में कैंसर रोगी का होने से परिवार के सामान्य विकास को बुरी तरह दुष्प्रभावित होती है । महंगे इलाज और आय के प्रवाह के रुक जाने के कारण रोगी के परिवारों को अपने गहने, जमीन आदि संपत्ति तक को गिरवी रखना या बेच देना पड़ जाता है।

छत्तीसगढ़ में पसर रहा है कैंसर

छत्तीसगढ़ में हर वर्ष कैंसर रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है द्य प्रदेश में 2019 में 27,113, 2020 में 27,828, 2021 में 28,529 और 2022 में 29,253 कैंसर के नए रोगी चिकित्सीय जांच में चिन्हांकित किये गए हैं। वर्तमान स्थिति में छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन औसतन 80-85 कैंसर के नए रोगी चिन्हांकित हो रहे हैं। जागरूकता की कमी के कारण आरंभिक अवस्था में रोग निदान न हो पाने तथा महंगे व पहुँच से बाहर चिकित्सा सुविधाओं में उपचार के व्यय भार को वहन करने की क्षमता न होने के कारण प्रदेश के कैंसर रोगियों में से हर दिन 44 व्यक्तियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। 2022 में जहाँ 29,253 नए कैंसर रोगी सामने आये वहीँ इसी वर्ष में 16,057 कैंसर रोगियों की मौत हो गई । प्रदेश में 2014 से 2023 के दशक में स्तन कैंसर से होने वाली मौतों में लगभग 26% की वृद्धि हुई है, और इसी तरह गर्भाशय-ग्रीवा यानी सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौतों में भी 26-27त्न की वृद्धि देखी गई है।

छत्तीसगढ़ में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि चिंताजनक स्तर तक पहुँच गई है द्य विशेषकर ग्रामीण तथा आदिवासी अंचलों में यह रोग न केवल स्वास्थ्य का संकट बनकर उभर रहा है बल्कि सामाजिक आर्थिक भार भी बढ़ा रहा है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव आदि नगरों में चिकित्सा सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता के कारण कैंसर के मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक प्रतिवेदित होती है द्य राज्य में मुख-कैंसर गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर, फेफड़े का कैंसर प्रमुख रूप से पाए जाते हैं द्य मुख, गला व फेफड़े के कैंसर के 60त्न मामले सीधे धूम्रपान, गुटका, तम्बाखू, पान मसाला, शराब और प्रदूषण, खानपान के कारण माने जाते हैं द्य छत्तीसगढ़ में भिलाई, कोरबा, रायगढ़, रायपुर जैसे औद्योगिक क्षेत्र में धूल, धुआं, रासायनिक अपशिष्ट और दूषित जल जन मानस में कैंसर के जोखिम को बढ़ाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती में विषैले रसायनों का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। असंतुलित आहार मोटापा, शारीरिक क्रियाशीलता में कमी कैंसर के सम्भावना को बढ़ाने में सहायक हैं।

छत्तीसगढ़ में कैंसर के निदान व उपचार के लिए उपयुक्त आधुनिक चिकित्सा के अस्पतालों की उपलब्धता बहुत कम है द्य रायपुर के मेडिकल कालेज के अस्पताल में कैंसर के उपचार की व्यवस्था है जहाँ हर वर्ष 5 हजार रोगी इलाज करने आते हैं द्य जाहिर है, यह रोगी गरीब परिवारों के होते हैं।

यहाँ कभी रेडिएशनथेरेपी की मशीन खराब रहती या कभी निदान व उपचार सामग्री अथवा दवाओं की कमी बनी रहती है द्य प्रदेश की राजधानी में कैंसर के उपचार हेतु सरकारी एम्स के अलावा कुछ गिने-चुने आधुनिक कैंसर अस्पताल निजी क्षेत्रों में हैं। कुछ बड़े निजी अस्पतालों में कैंसर चिकित्सा के विभाग व चिकित्सक हैं, जो उपचार करते हैं ।

यहाँ कैंसर का उपचार अत्यधिक महंगा है द्य गरीबी के कारण लोग इन अस्पतालों में इलाज कराने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं द्य प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतर मेडिकल कालेज अस्पताल में ही कैंसर रोगी को उपचार मिल पा रहा है द्य इस योजना में कुछ ही निजी अस्पताल थोड़ी-बहुत सीमा तक उपचार उपलब्ध करा देते हैं । मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना भी है, जिसके माध्यम से निजी अस्पताल में ज्यादा खर्च के उपचार के लिए सहायता मिल सकती है लेकिन इसका फायदा जागरूक परिवार ही उठा पाते हैं । अब आवश्यक है की प्रदेश के सभी 10 सरकारी मेडिकल कालेजों के अस्पतालों में कैंसर की आधुनिक जांच व उपचार की पुख्ता व्यवस्था एम्स की तरह उपलब्ध कराई जावे ताकि निर्धन व निम्न आय वर्ग के परिवारों के कैंसर रोगियों को प्रदेश में विश्वसनीय इलाज निरंतर मिल सके द्य

छत्तीसगढ़ में कैंसर एक उभरता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है द्य इसीलिए राज्य में जहां समय पर जांच, निदान, उपचार व रोकथाम संबंधी सुविधाओं का विस्तार किया जाए, तभी कैंसर के बढ़ते प्रभाव को काफी हद तक सीमित किया जा सकता है।

प्रदेश के समूचे ग्रामीण क्षेत्रों व नगरों में गरीबों की बस्तियों में अधिक से अधिक स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन कर कैंसर, विशेषकर स्तन व गर्भाशय-ग्रीभा कैंसर की जांच आवश्यक है । सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंसर के प्रारंभिक जांच को एक कार्यक्रम के रूप में लेना चाहिए द्य कैंसर मरीज हेतु विशेष स्वास्थ्य सहायता या प्रधान मंत्री स्वास्थ बीमा योजनाओं का विस्तार कर विशेष प्रावधान किया जाना चाहिए।

सामाजिक संस्थाओं, सरकार और शैक्षणिक व चिकित्सा संस्थानों के संयुक्त प्रयास से एक जन-जागरण का व्यापक अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है द्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने से शुरुआत में ही रोग की पहचान करने और रोकथाम को बढ़ावा मिलेगा द्य महिलाओं में स्तनों का उनके द्वारा स्व-परीक्षण उनमें कैंसर के विस्तार से उन्हें बचा सकता है द्य यथाशीघ्र जांच और उपचार से रोगी की पीड़ा और उसकी जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है द्य समय से अब आधुनिक चिकित्सा से प्रथम स्टेज के कैंसर रोगियों का पूर्णतः ठीक हो जाना अब लगभग संभव हो गया है । कुछ ममलों दूसरी स्टेज में भी रोगी अब ठीक होने लग गए हैं द्य गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए टीका जिसे एचपीवी टीका भी कहा जाता है, अब उपलब्ध है द्य तीन खुराकों के इस टीके को 9 से 26 वर्ष की आयु में लेने से महिलायें ग्रीवा-कैंसर की चपेट में आने से बच सकती हैं ।

न्यूज गैलरी

राहुल गांधी के बयान पर मंत्री सारंग का पलटवार, बोले-नेहरू जी ने की थी पहली वोट चोरी

भोपाल/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ÷वोट चोरी÷ बयान पर मध्यप्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग ने तीखा जवाब देते हुए कहा कि देश में पहली वोट चोरी नेहरू जी ने की थी। उन्होंने राहुल गांधी पर बिना सबूत के झूठ फैलाने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ÷वोट चोरी÷ संबंधी बयान पर मध्यप्रदेश के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि

राहुल गांधी हर कुछ महीनों में बिना किसी तथ्य के नया प्रोपेगेंडा फैलाने में जुट जाते हैं। कांग्रेस का डर्टी ट्रिक्स डिपार्टमेंट उन्हें बिना आधार वाले मुद्दे थमा देता है। सारंग ने तंज कसते हुए कहा कि न उनके पास सच्चाई होती है, न सबूत बस जनता को भ्रमित करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी न तो चुनाव आयोग में शिकायत करते हैं और न ही कोर्ट में जाते हैं, क्योंकि उनके पास कोई ठोस प्रमाण नहीं होते। मंत्री सारंग ने गांधी परिवार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश की पहली वोट चोरी तो नेहरू जी ने की थी, जब वे प्रधानमंत्री बने थे। राहुल गांधी को लगता है कि वही परंपरा आज भी जारी है, लेकिन अब देश बदल चुका है। आज लोकतंत्र मजबूत है और चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर सवाल उठाकर राहुल गांधी लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान कर रहे हैं। पंचमढ़ी में कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर पर टिप्पणी करते हुए सारंग ने कहा कि राहुल गांधी मध्यप्रदेश आ रहे हैं, उनका स्वागत है, लेकिन प्रशिक्षण देने से पहले उन्हें खुद प्रशिक्षण लेने की जरूरत है। जो व्यक्ति अनुशासनहीनता की मिसाल हो, वह दूसरों को क्या सिखाएगा?÷ उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीजेपी की कार्यशैली की नकल करने में लगी है, परंतु ÷नकल के लिए भी अकल चाहिए। मंत्री सारंग ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का असली एजेंडा समाज में विभाजन फैलाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जाति और धर्म के आधार पर समाज को बांटने की राजनीति करती है। 'फूट डालो और राज करो' की नीति आज भी उनके चरित्र का हिस्सा है। विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस अभी से चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है, जबकि अभी प्रक्रिया शुरू ही हुई है। यह उनकी हारी हुई मानसिकता को दर्शाता है। चुनाव आयोग सभी दलों को प्रक्रिया में शामिल कर रहा है, कांग्रेस को भी रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

जनहित के फैसलों से कांग्रेस को परेशानी

बिजली बिल से जुड़े मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए सारंग ने कहा कि ÷जनता के हित में लिए गए हर निर्णय पर कांग्रेस को आपत्ति होती है। जब भी गरीब और आम नागरिक के भले की बात होती है, कांग्रेस असहज हो जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए समर्पित है।

यश घनघोरिया एमपी यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बने

चुनाव परिणाम घोषित 2.38 लाख वोट पाकर भोपाल के अभिषेक दूसरे नंबर पर रहे

भोपाल/नवप्रदेश। एमपी यूथ कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जबलपुर विधायक और पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया ने एमपी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में जीत दर्ज की है। यश को सबसे ज्यादा 3 लाख 13 हजार 730 वोट मिले हैं। जबकि भोपाल के अभिषेक परमार 2,38,780 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे हैं। 18 अप्रैल को एमपी में यूथ कांग्रेस के चुनावों की घोषणा के साथ ही सदस्यता शुरू हुई थी। ऑनलाइन मोड पर एप के जरिए कराई गई मेंबरशिप में हर नए सदस्य को 50 रुपए सदस्यता शुल्क भी अदा करना था। 20 जून से 19 जुलाई तक चलाए गए सदस्यता अभियान में 15,37,527 युवाओं ने सदस्यता फॉर्म भरे। इनमें से 63,153 युवाओं ने सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया। सदस्यता शुल्क के साथ 14 लाख 74 हजार 374 युवाओं ने मेंबरशिप के लिए फॉर्म भरे। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के 55 पदों के लिए 182 उम्मीदवार मैदान में थे। प्रदेश महासचिव के लिए सबसे ज्यादा वोट धीरज सिंह परिहार को मिले। बीजेपी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि कांग्रेस में पद मेहनत से नहीं,वंश और पट्ठावाद की परंपरा से तय होता है! संगठन चुनाव बस औपचारिकता, युवाओं की मेहनत और संघर्ष बेअसर

प्रदेश में 14 नवम्बर से शुरू होगा राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह

मंत्री सारंग ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

भोपाल/नवप्रदेश। सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी 14 से 20 नवम्बर राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह तथा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के समापन समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री सारंग ने कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सप्ताह की थीम आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रूप में सहकारिता

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह की थीम ÷आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रूप में सहकारिता÷ निर्धारित की गई है। यह विषय आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में सहकारी समितियों की भूमिका को रेखांकित करता है। विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण ऋण, सूक्ष्म-उद्यम, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादन जैसे क्षेत्रों में सहकारिता की भूमिका न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समावेशी एवं सतत विकास का भी आधार बन रही है।

सप्ताह के दौरान होंगे जन-जागरण कार्यक्रम

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारिता सप्ताह के दौरान ऐसे जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित किये जायें, जिनसे आम नागरिकों में सहकारिता के प्रति रुचि और जुड़ाव बढ़े। यह आवश्यक है कि सहकारिता आंदोलन की पहुँच गाँव-गाँव और शहर-शहर तक हो, जिससे ÷सहकार से समृद्धि÷ का भाव हर व्यक्ति के जीवन में उतर सके।

विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श

मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि नागरिक बैंकों को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों पर विशेष ध्यान दिया जाये और इस दिशा में महाराष्ट्र के विशेषज्ञों के साथ एक विशेष विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया जाये। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन के लिए एक ऐसा मंच तैयार किया जाये, जहाँ स्थानीय उत्पादकों और उपभोक्ताओं को सीधे जोड़ा जा सके। साथ ही प्रदेश में होने वाली स्वदेशी केन्द्रित नवाचार आधारित प्रदर्शनी को विशेष महत्व दिया जायेगा, जिसमें आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने वाले विचारों और नवाचारों को प्रमुखता दी जायेगी।

विशेष संवाद 'सहकारिता मंथन'

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश की विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम 'सहकारिता मंथन' के रूप में आयोजित किया जाये, जिसमें विभाग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा एवं समस्या-समाधान के ठोस प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने उपार्जन और खाद वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सरलीकृत करने के लिये उपयोगी संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। बैठक में आयुक्त एवं पंजीयक सहकारिता श्री मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक उपभोक्ता संघ श्री ऋतुराज रंजन, प्रबंध संचालक बीज संघ श्री महेन्द्र दीक्षित सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह प्रतिवर्ष 14 से 20 नवम्बर तक पूरे देश में मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान सहकारी समितियों के योगदान को रेखांकित किया जाता है। उनकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाता है और सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विचार-विमर्श एवं संवाद के कार्यक्रम किये जाते हैं। इस वर्ष का आयोजन ÷आत्मनिर्भर भारत÷ की भावना को सशक्त करने और सहकारिता को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित होगा।

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने किया रिकार्ड कायम

मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी विद्युत उत्पादन

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (MPPGCL) के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (ATPS) की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 प्रदेश के इतिहास में ऐसी प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट होने का गौरव पाया जो लगातार 400 दिनों से संचालित है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से निरंतर विद्युत उत्पादन कर रही है। यूनिट ने गत माह अक्टूबर की 4 तारीख को लगातार 365 दिन (एक वर्ष) तक निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का तमगा हासिल किया था। यूनिट 5 के निर्बाध संचालन से प्रदेश के विद्युत ग्रिड को स्थिरता मिली और घरेलू व

औद्योगिक उपभोक्ताओं को सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हुई। इस उपलब्धि से न केवल म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी की साख मजबूत हुई बल्कि यह प्रदेश की अन्य ताप विद्युत इकाइयों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनी है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 की इस सफलता व उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई और प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के यूनिट नंबर के ऑपरेशन व मेंटेनेंस अभियंताओं व कार्मिकों की लगन, मेहनत व समर्पण का सबसे बड़ा उदाहरण है।

210 मेगावाट की यूनिट ने जिस समय 400 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया तब 98.26 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ) व 94.58 प्रतिशत का शानदार प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) की उपलब्धि हासिल की। आँकड़े यूनिट की तकनीकी दक्षता और संचालन में उत्कृष्टता को दर्शाते हैं। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने कहा कि सामूहिक प्रयास, अनुशासित कार्यशैली व उच्च तकनीकी दक्षता से अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 जैसे परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। लगातार एक वर्ष तक बिना रुकावट संचालन किसी भी ताप विद्युत इकाई के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसके लिए बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर एवं सहायक प्रणालियों का सटीक रखरखाव, निरंतर निगरानी व तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान जरूरी होता है। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) की समर्पित टीम के निरंतर परिश्रम व तकनीकी विशेषज्ञता का परिणाम है।

राज्य मंत्री लोधी ने प्रदेश के पर्यटन के लिए खोलीं वैश्विक सहयोग की नई राहें

भोपाल/नवप्रदेश। वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट (WTM) लंदन 2025 का दूसरा दिन मध्य प्रदेश के लिए बेहद सार्थक और सफल रहा. इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग के नए अध्याय जोड़ने के लिए भारत और विदेश के कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की। इन सभी चर्चाओं में मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत, वन्य जीवन, आध्यात्मिकता और संस्कृति की झलक दिखाई दी, जिसने एक बार फिर इस बात को सिद्ध किया कि मध्य प्रदेश अतुल्य भारत का हृदय है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने घाना की पर्यटन मंत्री सुश्री अबला द्ज़फ़ि गोमाशी के साथ सांस्कृतिक साझेदारी और वियतनाम के संस्कृति मंत्री श्री गुयेन वैन हंग के साथ विरासत-आधारित पर्यटन एवं संयुक्त प्रचार अभियानों को बढ़ावा देने पर गहन विमर्श किया। अंतर्राष्ट्रीय के साथ अंतर-राज्यीय संबंधों को मजबूती देते हुए, राज्य मंत्री श्री लोधी ने आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री श्री कंदुला दुर्गेश से मुलाकात की और आपसी सांस्कृतिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। श्रीलंका के साथ हुई बैठक विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। वहाँ के पर्यटन मंत्री श्री विजिथा हेराथ के साथ हुई बातचीत का मुख्य केंद्र, मध्य प्रदेश के बौद्ध सर्किट को श्रीलंका में लोकप्रिय बनाना और बदले में, श्रीलंका के रामायण ट्रेल से भारतीय यात्रियों को परिचित कराना था। इस महत्वपूर्ण साझेदारी को औपचारिक रूप देने के लिए, राज्य मंत्री श्री लोधी ने भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा।

राष्ट्रगीत वंदे-मातरम की 150वीं वर्षगांठ मध्यप्रदेश में एक भव्य जन-उत्सव के रूप में मनाई जाएगी: राज्य मंत्री लोधी

पूरे एक वर्ष तक, पंचायत से लेकर पर्यटन स्थलों तक गूंजेगा वंदे मातरम का अमर स्वर

राज्य स्तरीय मुख्य समारोह 7 नवंबर को शौर्य स्मारक में होगा

सभी मुख्यालयों पर होगा एक साथ गायन

स्वदेशी अपनाएँ का लिया जाएगा सामूहिक संकल्प

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर को मध्यप्रदेश में एक अविस्मरणीय जन-उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गौरवशाली आयोजन 7 नवंबर 2025 से प्रारंभ होकर 7 नवंबर 2026 तक, पूरे एक वर्ष तक चलेगा। यह समारोह, भारत सरकार के निर्णय के अनुरूप, राष्ट्रगीत के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी ओजस्वी भूमिका और हमारी सांस्कृतिक विरासत में इसके अमूल्य महत्व को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने इस आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय चेतना का वह जीवंत स्फुरण है जिसने करोड़ों भारतवासियों के हृदय में स्वाधीनता की अलख जगाई। यह हमारे अमर बलिदानियों का जयघोष था। इस ऐतिहासिक वर्षगांठ को मनाने का निर्णय हमारी नई पीढ़ी को उस त्याग और राष्ट्र-प्रेम की भावना से सीधे जो?ने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। मध्य प्रदेश इस राष्ट्रीय आयोजन को एक जन-अभियान का स्वरूप देगा।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया कि वर्ष भर चलने वाले इन समारोहों को चार मुख्य चरणों में विभाजित किया गया है, जिससे राष्ट्र-प्रेम की भावना सतत प्रवहमान रहे।

प्रथम चरण: 7 नवंबर से 14 नवंबर 2025 तक।

द्वितीय चरण: 19 जनवरी से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस सप्ताह)।

तृतीय चरण: 7 अगस्त से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ)।

चतुर्थ चरण: 1 नवंबर से 7 नवंबर 2026 (समापन सप्ताह)।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह 7 नवंबर 2025 को प्रातः 09:30 बजे भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसी समय, प्रातः 9:30 बजे, प्रदेश के सभी जिला, तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालयों पर ÷वंदे मातरम÷ का संपूर्ण गायन एक साथ, एक स्वर में किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के मुख्य कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने-सुनने की व्यवस्था प्रदेश के सभी आयोजन स्थलों पर सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय, अर्द्ध-शासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में 7 नवंबर को वंदे मातरम का भव्य गायन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। इस राष्ट्रगीत गायन को और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए पुलिस बैंड, स्कूल-कॉलेजों के बैंड एवं अन्य स्थानीय बैंड दलों की सहभागिता भी होगी।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया कि यह आयोजन केवल शासकीय न होकर, जन-जन का आयोजन बनेगा। इसके लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, पुलिसकर्मी, चिकित्सक, शिक्षक और सामाजिक संगठन सक्रिय रूप से शामिल होंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रमों की श्रंखला के संबंध में बताया कि 8 नवंबर 2025- प्रातः 10 बजे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश की सभी जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों में %वंदे मातरम% का सामूहिक गायन आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। 10 नवंबर 2025 प्रातः 10 बजे नगरीय विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों (नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद) में वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। संस्कृति मंत्री ने निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग के समन्वय से, प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टरों द्वारा चयनित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी वंदे मातरम राष्ट्रगीत का गायन सुनिश्चित किया जाए, जिससे पर्यटकों में भी राष्ट्रीय गौरव का संचार हो।

इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में 55 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आइडिया अपलोड किये

भोपाल/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत इस वर्ष शिक्षण सत्र 2025-26 में 55 हजार 247 विद्यार्थियों ने विज्ञान अनुसंधान एवं अध्ययन से जुड़े आइडिया केन्द्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड कराये हैं। केन्द्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों में विज्ञान के अध्ययन एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिये योजना शुरू की है। पिछले वर्ष 2672 विद्यार्थियों का अवार्ड के लिये चयन किया गया था। चयनित विद्यार्थियों के विचार को प्रोटोटाइप तैयार करने के लिये 10-10 हजार रूपये की राशि विद्यार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई थी। केन्द्र सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में मध्यप्रदेश शैक्षणिक सत्र 2019-20 से 2022-23 पिछले 3 वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर आ रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इस योजना में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता

भोपाल में अब दोनों सवारियों को पहनना होगा हेलमेट, नियम तोड़ने पर चालान,पालन करने वालों को मिला सम्मान

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में अब दोपहिया पर पीछे बैठने वाले के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। राजधानी के 20 पॉइंट्स पर पुलिस ने अभियान शुरू किया, जहां नियम का पालन करने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया और नियम तोड़ने वालों पर चालान काटा गया। भोपाल में अब दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वाले (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार से राजधानी में विशेष अभियान शुरू किया है। नियमों के तहत, बिना हेलमेट सवारी करने पर 300 का चालान, जबकि यदि दोनों सवारियों ने हेलमेट नहीं पहना है तो 500 का चालान काटा जा रहा है। अभियान के पहले दिन शहर के 20 स्थानों पर 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे। सुबह से ही पुलिस टीमों ने विभिन्न चौराहों पर चेकिंग शुरू की। कई जगहों पर दोपहिया चालकों और पुलिसकर्मियों के बीच बहस की स्थिति भी बनी। कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें नए नियम की जानकारी नहीं थी, जबकि कई ने जल्दी में हेलमेट भूल जाने का तर्क दिया। टीटी नगर चौराहे पर एक युवक ने पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन ट्रैफिक कांस्टेबल ने दौड़कर पकड़ लिया और चालान बनाया। वहीं रेत घाट क्षेत्र में नियमों का पालन करने वाले चालकों को

गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। पुलिस ने उन सवारों का स्वागत किया जिनकी डबल सवारी दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। अधिकारियों का कहना है कि यह पहल लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई है।एसआई एसएल. सिसोदिया ने बताया कि अभियान से पहले 15 दिन तक जागरूकता अभियान चलाया गया था। अब नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी चालान POS मशीनों के जरिए डिजिटल रूप से बनाए जा रहे हैं।

सड़क हादसों के आंकड़े चौंकाने वाले

पुलिस के अनुसार, इस सख्ती के पीछे वजह लगातार बढ़ते सड़क हादसे हैं। वर्ष 2024 में प्रदेश में 56,669 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 13,661 लोगों की मौत हुई। इनमें से 53.8 प्रतिशत मौतें दोपहिया वाहनों से जुड़ीं, जबकि 82 प्रतिशत पीड़ितों ने हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस का कहना है कि हेलमेट पहनने से मौत का खतरा 70 प्रतिशत तक घटता है, इसलिए अब नियम तोड़ने वालों को कोई छूट नहीं दी जाएगी। अभियान के तहत ओला, उबर और रैपिडो जैसी बाइक टैक्सी सेवाओं पर भी यह नियम लागू होगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन सेवाओं के ड्राइवर और यात्रियों दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। भोपाल में वर्तमान में 4000 से अधिक दोपहिया वाहन इन कंपनियों से जुड़े हैं।

सुविचार

कमज़ोर तब रुकते हैं जब वे लड़ते लड़ते थक जाते हैं और विजेता तब रुकते हैं जब वे जीत जाते हैं। - अज्ञात

खोदा पहाड़ निकला चूहा वो भी मरा हुआ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस हाईड्रोजन बम की बात कही थी उसे उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन पहले आखिरकार फोड़ दिया। उन्होंने नई दिल्ली में एक प्रजेन्टेशन दिया और हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान 25 लाख रूपये चोरी किये जाने का सनसनीखेज आरोप लगाया। इसके पहले राहुल गांधी ने और दो बार इसी तरह का प्रेजेन्टेसन दिया था जिसने उन्होंने कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में वोट चोरी कराये जाने का आरोप लगाया था और चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाये थे। उनके आरोपों का चुनाव आयोग ने तत्काल जवाब दिया था और राहुल गांधी को चैलेंज दिया था कि वे अपने आरोप सिद्ध करके दिखायें या फिर इसके लिए माफी मांगे किन्तु राहुल गांधी ने दोनों में से कोई भी एक काम नहीं किया उल्टे उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने से पहले बिहार में जाकर 16 दिनों की वोटर अधिकार यात्रा निकाली जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की शामिल हुए और इन दोनों ने बिहार में घूम घूमकर केन्द्र सरकार पर चुनाव के जरिए वोट चोरी करने के आरोप लगाये। तथा वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा उछाला था उनका यह नारा और पूरा अभियान टांय टांय फिश हो गया। बिहार में वोट चोरी का मुद्दा खत्म हो गया। यहां तक की राहुल गांधी के साथ वोटर अधिकार यात्रा निकालने वाले तेजस्वी यादव ने भी वोट चोरी के मुद्दे से किनारा कर लिया क्योंकि बिहार में वोट चोरी का कोई एक मामला भी सामने नहीं आया। चुनाव आयोग ने बिहार में जो एसआईआर कराया था उसे लेकर न तो किसी मतदाता ने कोई शिकायत की कि उसका वोट काटा गया है और न ही एसआईआर में शामिल राजनीतिक पार्टियों के पीएलओं ने कहीं कोई शिकायत दर्ज कराई। अब यह मुद्दा खत्म हो चुका था लेकिन बिहार में पहले चरण के मतदान के ठीक पहले राहुल गांधी ने फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाकर बाशी कढ़ी में उबाल लाने की कोशिश की है। पिछले एक माह से राहुल गांधी जिस हाईड्रोजन बम की बात कर रहे थे वह भी चूटचूटी पटाका ही साबित हुआ। दूसरे शब्दों में कहे तो खोदा पहाड़ निकला चूहा वो भी मरा हुआ। राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान वोट चोरी का जो आरोप लगाया है उस पर चुनाव आयोग ने तत्काल कड़ी प्रतिक्रिया दी है और राहुल गांधी के आरोपों का पूरजोर ढ़ग से खंडन किया है। राहुल गांधी ने इस बार भी कोई नई बात नहीं कि है। कर्नाटक और महाराष्ट्र में वोट चोरी करने का आरोप लगाने हुए जो बाते कही थी उसे ही फिर एक बार उन्होंने हरियाणा के संदर्भ में दोहराया है। उनके इस आरोप पर भाजपा ने भी भाजपा ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा है और कहा है कि चुनाव दर चुनाव कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए राहुल गांधी अपनी असफलता पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं। पहले तो वे ईवीएम को दोषी ठहराते थे लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ईवीएम की विश्वसनियता पर सहमति की मुहर लगा दी तो अब वे वोट चोरी का नया शिगुफा छोड़ रहे हैं। यदि उनके पास वास्तव में वोट चोरी के पुख्ता प्रमाण है तो वे न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाते। प्रेस कांफ्रेन्स करके वे चुनाव आयोग को बदनाम करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। भाजपा के मुताबिक राहुल गांधी वोट चोरी का झूठा आरोप लगाकर देश में भ्रम फैला रहे हैं। उनका झूठ उनके अपने बयान से ही साफ उजागर हो गया है कि हरियाणा में यदि 25 लाख वोट चोरी हुए हैं तो वहां भाजपा सिर्फ 1 लाख वोटों के अंतर से ही क्यों जीती है। गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 56 लाख वो मिले थे और कांग्रेस को 55 लाख वोट मिले थे यदि भाजपा ने 25 लाख वोट भी चोरी कराई होती तो उसकी जीत का अंतर 1 लाख से बहुत अधिक कई लाख का होता। कुल मिलाकर राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का शिगूफा छोड़कर बिहार में भी महागठबंधन का खेल खराब करने में कोई कसर नहीं छोडी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिस तरह हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी की गई है उसी तरह बिहार में भी बड़े पैमाने पर वोटो की चोरी हो रही है। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने हार मान ली है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ विचार ही विस्तार करते हैं। विचार ही दूसरों पर असर करते हैं। विचार ही औरा बनाते हैं।

❖ तुम शुद्ध-बुद्ध, चैतन्य आत्मा हो; परमात्मा के भरोसे हैं। कर्म कर, विश्वास कर, खोजकृ ढूंढकृकृ परमात्मा के कृपा से मंगल होगा।

❖ नैतिक मूल्यों को पहचानना एक अलग बात है और उन मूल्यों को जीना एक अलग बात है।

❖ कम से कम अपने नाम का अर्थ तो अपने जीवन में जान जाओ और उसके अनुरूप जीवन शैली !

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1786 संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराना संगीत संगठन, स्टॉटन संगीत समाज, की स्थापना की गई थी। 1805 लुईस एंड क्लार्क अभियान प्रशांत महासागर में पहुंचे। 1814 हेग में नीदरलैंड्स के सभी राज्यों की पहली बैठक हुई। 1820 जेम्स मोनरो फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए 1831 ब्राजील में दास व्यापार मना (बैन) किया गया। 1876 रदरफोर्ड बी हायस अमेरिका के 19वें राष्ट्रपति चुने गए। 1893 कोलोराडो महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया। 1943 सोवियत 1 टैंक आर्मी ने कीव के पास फास्टिव शहर पर कब्जा कर लिया। 1944 स्पेन की एगुआडिला सुरंग में हुई एक रेल दुर्घटना में 500 लोगों की मौत हुई। 1982 तुर्की में संविधान अंगीकार किया गया। 2002 ईरान ने अमेरिकी उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया। 2003 अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने गर्भपात पर रोक संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किए। 2007 अंतरिक्ष यान डिस्कवरी का 15 दिन का मिशन कैनेडी स्पेस सेंटर में उतरने के साथ समाप्त हो जाता है। 2012 ग्वाटेमाला में भूकंप से 52 की मौत हुई।

वंदे मातरम् – सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा

अमित शाह
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

'वंदे मातरम' आज भी विकसित भारत 2047 के हमारे संकल्प में प्रेरणा दे रहा है। यह भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास का प्रतीक है। अब, इस भावना को आत्मनिर्भर और श्रेष्ठ भारत में परिवर्तित करना हमारी ज़िम्मेदारी है। 'वंदे मातरम' स्वतंत्रता का गीत है, अटूट संकल्प की भावना है, और भारत के जागरण का प्रथम मंत्र है। राष्ट्र की आत्मा से जन्मे शब्द कभी समाप्त नहीं होते – वे सदैव जीवित रहते हैं, पीढ़ियों तक गूंजते रहते हैं। यह जयघोष युगों और पीढ़ियों में अनंतकाल तक प्रतिध्वनित होता रहेगा। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की दृष्टि से देखें।

हमारे देश के इतिहास में ऐसे कई अहम पड़ाव आए, जब गीतों, कलाओं ने अलग-अलग रूपों में लोकभावनाओं को सहेजकर आंदोलन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। चाहे छत्रपति शिवाजी महाराज जी की सेना के युद्धगीत हों, आज़ादी के आंदोलन में सेनानियों के गान या आपातकाल के विरुद्ध युवाओं के सामूहिक गीत, गीतों ने भारतीय समाज को स्वाभिमान की प्रेरणा भी दी और एकजुट भी बनाया।

ऐसा ही है भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्', जिसका इतिहास किसी युद्धभूमि से नहीं, बल्कि एक विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी के शांत लेकिन अडिग संकल्प से शुरू होता है। सन् 1875 में, जगद्धात्री पूजा (कार्तिक शुक्ल नवमी या अक्षय नवमी) के दिन, उन्होंने उस स्तोत्र की रचना की जो भारत की स्वतंत्रता का शाश्वत गीत बन गया। इन पवित्र शब्दों को लिखते हुए, वे भारत की गहनतम सभ्यतागत जड़ों से प्रेरणा ले रहे थे। अथर्ववेद के उद्घोष ÷ माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः÷ से लेकर देवी महात्म्य में विश्वमाता के आह्वान से प्रेरणा ले रहे थे।

बंकिम बाबू का यह मंत्र, प्रार्थना भी था और भविष्यवाणी भी। 'वन्दे मातरम्' केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, सिर्फ स्वतंत्रता आन्दोलन का प्राण ही नहीं बल्कि यह बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय जी द्वारा 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है - जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। यह केवल भू-भाग नहीं है, बल्कि तीर्थ है, स्मृति, त्याग, शौर्य और मातृत्व से बंधी पवित्र भूमि है।

जैसा कि महर्षि अरबिंद ने वर्णन किया, बंकिम आधुनिक भारत के एक ऋषि थे, जिन्होंने अपने शब्दों के माध्यम से राष्ट्र की आत्मा को पुनर्जीवित किया। उनका 'आनंदमठ' केवल एक उपन्यास नहीं, बल्कि गद्य में एक मंत्र था, जिसने एक ऐसे राष्ट्र को जागृत किया जो अपनी दिव्य शक्ति को भूल चुका था। अपने एक पत्र में, बंकिम बाबू ने लिखाः "मुझे कोई आपत्ति नहीं है यदि मेरे सभी कार्य

गंगा में बहा दिए जाएँ। यह श्लोक ही अनंत काल तक जीवित रहेगा। यह एक महान गान होगा और लोगों के हृदय को जीत लेगा।" ये शब्द भविष्यसूचक थे। औपनिवेशिक भारत के सबसे अंधकारमय काल में लिखा गया, 'वंदे मातरम्' जागृति का प्रभात-गीत बन गया, एक ऐसा भजन जिसने 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' को सभ्यतागत गौरव के साथ जोड़ दिया। ऐसी पंक्तियाँ केवल वही व्यक्ति लिख सकता था जिसके रोम-रोम में राष्ट्र के प्रति भक्तिभाव कूट-कूट कर भरा हो।

1896 में, रवींद्रनाथ टैगोर जी ने 'वंदे मातरम्' को धुन में पिरोया और कोलकाता कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया, जिससे इसे वाणी और अमरता प्राप्त हुई। यह गीत भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से आगे बढ़कर पूरे देश में गूंज उठा। तमिलनाडु में सुब्रमण्यम भारती जी ने इसका तमिल अनुवाद किया, और पंजाब में क्रांतिकारियों ने इसे गाते हुए ब्रिटिश राज को खुली चुनौती दी।

1905 में, बंग-भंग आंदोलन के दौरान, बंगाल में विद्रोह भड़क उठा। अंग्रेजों ने 'वंदे मातरम्' के सार्वजनिक पाठ पर प्रतिबंध लगा दिया था, फिर भी, 14 अप्रैल, 1906 को बारीसाल में, हजारों लोगों ने इस आदेश की अवहेलना की। जब पुलिस ने शांतिपूर्ण सभा पर लाठीचार्ज किया, तो पुरुष और महिलाएँ सड़कों पर 'वंदे मातरम्' का नारा लगाते हुए लहूलुहान हो गए।

वहाँ से, 'वंदे मातरम्' का मंत्र, ग़दर पार्टी के क्रांतिकारियों के साथ कैलिफ़ोर्निया पहुँच गया, आज़ाद हिंद फ़ौज में गूँजा, जब नेताजी के सैनिक सिंगापुर से मार्च कर रहे थे और 1946 के रॉयल इंडियन नेवी की क्रांति में भी गूँजा, जब भारतीय नाविकों ने ब्रिटिश युद्धपोतों पर तिरंगा फहराया।

खुदीराम बोस से लेकर अशफ़ाक़उल्ला ख़ान तक, चंद्रशेखर आजाद से लेकर तिरुपुर कुमारन तक, नारा एक ही था। यह अब सिर्फ़ एक गीत नहीं रहा; यह भारत की सामूहिक आत्मा की आवाज़ बन गया था। महात्मा गांधी ने स्वयं स्वीकार किया था, 'वंदे मातरम्' में ÷सबसे सुस्त रक्त को भी जगाने की जादुई शक्ति÷ थी। इसने उदारवादियों और क्रांतिकारियों तथा विद्वानों और नाविकों को तक एकजुट किया। महर्षि अरबिंद जी ने इसीलिए कहा था कि, यह ÷भारत के पुनर्जन्म का मंत्र÷ है।

26 अक्टूबर को 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'वंदे मातरम्' गीत के इस इतिहास की देशवासियों को फिर से याद दिलाई और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से भारत सरकार की ओर से अगले एक वर्ष तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया। इन आयोजनों के माध्यम से देश भर में 'वंदे मातरम्' का पूर्ण गान होगा, जिससे देश की युवा पीढ़ी 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के विचार को आत्मसात कर पाए।

आज जब हम भारत पर्व मना रहे हैं और सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, तो यह भी याद करते हैं कि कैसे सरदार साहब ने 'एक भारत' का निर्माण कर 'वंदे मातरम्' की भावना को ही मूर्त रूप दिया था। यह गीत केवल अतीत का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक आह्वान भी है।

स्वतंत्रता का मंत्र बना–वंदेमातरम

शिवप्रकाश
राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री

संघ संस्थापक डॉ हेड्गेवार द्वारा नागपुर के नील सिटी विद्यालय निरीक्षण के समय अंग्रेज इंस्पेक्टर का वन्देमातरम् के साथ स्वागत किया गया। इसे सभी के कारण वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता के दीवानों के लिए मंत्र का रूप ले लिया। स्वतंत्रता के साथ-साथ वन्देमातरम् स्वदेशी का भी मंत्र बना। बंगे-भंग की घोषणा के दिन दुख-दिवस के आयोजन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राखी बांधकर स्वदेशी का संकल्प कराया। उस दिन विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार एवं स्वदेशी का संकल्प लिया। विदेशी वस्तुओं की होली जलाते समय ? वंदेमातरम् राष्ट्राय स्वाहा के मंत्र का उच्चारण हुआ। एक ही दिन में स्वदेशी प्रचार के लिए 70,000 रूपए का दान आया। स्वदेशी का संकल्प लेते समय महिलाओं ने संकल्प किया कि विवाह के समय वह करघे पर बनी हुई बंगाली साड़ी एवं हाथ में कांच की नही, शंख की स्वदेशी चूड़ियां ही पहनेंगी ।

भारत सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में एवं गृह मंत्रालय द्वारा पत्र निकालकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 7 नवंबर 2025 से 1 वर्ष के लिए 150 वीं जयंती मनाने का निर्णय किया है। इसी संकल्प को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्टूबर मास की अपनी मन की बात में पुनः दोहराया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित समाज में चलने वाली अन्य संस्थाएं भी वंदेमातरम् की 150 वीं जयंती मना रही है। देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक महत्व को समाज तक ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है।

23 जून 1757 को बंगाल में स्थित प्लासी के मैदान में हुए नवाब सिराजुद्दौला एवं लार्ड क्लाइव के मध्य हुए युद्ध में भारत को ब्रिटिशों द्वारा पराजय मिलने के कारण भारत का स्वतंत्रता सूर्य अस्त हो गया। इस पराजय के पश्चात् भारत का शेष क्षेत्र भी ब्रिटिशों के अधीन आ गया और हम गुलाम हो गए। हमारी अवस्था का वर्णन करते हुए रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टॉय ने कहा कि "एक व्यापारी कंपनी ने 20 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र को गुलाम बना दिया, केवल 30 हजार लोगो को अपने अंदर लाकर ।"

गुलामी के कालखंड में अपने देश की दुर्दशा देखकर समाज के मन में भारत माँ को गुलामी से मुक्ति की आकांक्षा भी हिलोरे मारने लगी थी । समाज के अलग-अलग वर्गों में स्वतंत्रता का शंखनाद भी प्रारंभ हो गया था। माँ काली के अनुयायी एवं गुरु गोरखनाथ की परम्परा से जुड़े संतों ने गाँव-गाँव ÷ अलख निरंजन÷ का उद्घोष कर स्वतंत्रता देवी को जागृत किया। संथाल जनजाति में जन्में दोनों भाई सिद्धू-कानू ने 1885 में 10 हज़ार संथालियों के साथ "अपनी भूमि अपनायेंगे, अपनी सरकार बनायेंगे ।" का उद्घोष किया। अंग्रेज़ों के विरुद्ध 1857 का संगठित सशस्त्र आंदोलन का भी सूत्रपात हुआ। समाज में प्रज्ज्वलित देश भक्ति के वातावरण में 27 जून 1838 को एक महापुरुष का जन्म हुआ जिनको नाम मिला बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय । कुशाग्र बुद्धि, देवनागरी, बंगला, अंग्रेजी के विद्वान थे बंकिम बाबू।

जैस्सोर (अब बांग्लादेश) में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त हुए। अंग्रेजों के अत्याचार एवं यातनाओं को देखकर साहित्य के माध्यम से समाज जागृति लाने का संकल्प करते हुए उन्होंने अनेक लेखों, निबंधों एवं उपन्यासों की रचना की। जिसमें श्री कृष्णचरित्र, दुर्गेश नंदिनी, राज सिंह, चंद्रशेखर जैसी कृतियां प्रसिद्ध है। उन्होंने अपने समस्त लेखन से अंग्रेजी शासन की दुर्नितियों को ही समाज के सम्मुख लाने का कार्य किया । इन्हीं उपन्यासों में से एक विश्व प्रसिद्ध सन्यासी विद्रोह को आधार देकर एक कृति प्रसिद्ध हुइ "आनंदमठ" 7 जिसमें राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की उपस्थिति हुई। आनंदमठ में वर्णित वंदेमातरम् जिसका गायन भारत माता की स्तुति के स्वरूप में सन्यासी करते हैं वह लाल गोला केंद्रित मुर्शिदाबाद एवं नदियां (बंगाल) जिले में स्थित है। 7 न

वंबर 1875 को वंदेमातरम् गीत की रचना हुई। यह शुभ दिन भारतीय काल गणना में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी थी 7 यह शुभ दिवस अक्षय नवमी होने के कारण जगद्धात्री की पूजा का दिवस है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा वन्देमातरम् का गायन हुआ। जिसकी प्रस्तुति राग मल्हार में हुई। 1896 के बाद कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् गायन एक परंपरा बन गई।

बंगाल से उठने वाले स्वतंत्रता आंदोलन को विभाजित करने के लिए अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना का क्रियान्वयन किया। जिसकी घोषणा 16 अक्टूबर 1905 को उन्होंने की। बंगाल का प्रभाव कम करना, बंगाली क्रांतिकारियों का प्रभाव कम करना है एवं हिंदु- मुस्लिमों का विभाजन बंग-भंग का उद्देश्य था। विभाजन से पूर्व ही दूरदर्शी नेतृत्व ने 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया। प्रत्येक आने वाला व्यक्ति एक ही उद्घोष कर रहा था वंदेमातरम्। 16 अक्टूबर को आयोजित दुख - दिवस के अवसर पर आनंद मोहन बसु एवं सुरेंद्र नाथ बनर्जी के नेतृत्व में सेंट्रल मैदान कलकत्ता में 50,000 लोग वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए 3.5 किलोमीटर नग्न पाद चलकर आए । मन्मथ नाथ मिस्त्र के नेतृत्व में÷ वंदेमातरम् संप्रदाय" की रचना हो गई। अंग्रेजों की सजा के विरोध में एक युवक ने 500 बार वंदेमातरम् लिखा। क्रांतिकारी कोड़े खाते थे और वंदे मातरम बोलते थे। जिस कारण अंग्रेजों ने वंदेमातरम् उद्घोष पर ही प्रतिबंध लगा दिया। अब वंदेमातरम् संपूर्ण देश ही नहीं, स्वतंत्रता का संकल्प लेकर कार्य करने वाले विदेशस्थ क्रांतिकारियों का भी मंत्र बन गया । हजारों लोग 14 अप्रैल 1906 असम के बिहु उत्सव में छाती पर वंदेमातरम् का बैच लगाकर आए। 22 दिसंबर 1908 को दशम गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस पर लंदन स्थित इंडिया हाउस में वंदेमातरम् का गायन हो गया । 22 अगस्त 1907 को स्टाटगार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में मैडम कामा द्वारा वंदेमातरम् ?का गायन हुआ ।कनाडा-अमेरिका में स्थित क्रांतिकारी परस्पर मिलने पर अन्य संबोधन छोड़कर वंदेमातरम् ही बोलने लगे। भगिनी निवेदिता द्वारा निर्मित ध्वज पर वंदेमातरम् अंकित हो गया। महर्षि अरविन्द ने वंदेमातरम् समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अंग्रेजों द्वारा सजा पायी। महाकवि सुब्रमण्यम द्वारा तमिल में वंदे मातरम् का अनुवाद एवं महात्मा गाँधी जी द्वारा गुजराती में तथा अन्य भाषा तेलुगु, कन्नड़, मलयालम एवं उर्दू में भी अनुवाद हुआ।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कितने आसानी

कितने आसानी से बिजली बिल और कानून व्यवस्था वाले मुद्दा गायब हो गया.... मैं आज भी कह रहा हूँ कांग्रेस को प्रतिस्थापित करने छेत्रीय पार्टी का उदय किया जा रहा है... इस बार एक पूर्व बड़े हमारे कका अपनी पार्टी में अपनी वजूद बनाने ये सब कर रहे है..देश भर में छतीसगढ़, राजस्थान बस बचे है जिनमे कांग्रेस का वजूद है... राजस्थान ऐसा है जहाँ 5 वर्ष में सरकार बदल जाति है..।

– अंबरदानी

सफलता प्राप्त

सफलता प्राप्त करना एक नए जीवन को प्राप्त करना हैं। अतएव एक नए जीव से जन्म की पसव पीड़ा को तो भोगना ही पड़ेगा। सफलता बहुत बलिदान माँगती है। निश्चय दृढ़ है,तो सफलता भी निश्चित है। मेरे दोस्त संकल्प ठानों,आत्म विश्वास जगाओं, दृढ़ निश्चय करों,और आगे बढो। सफलता तुम्हारे पास अवश्य आएगी। एक बार निर्णय कर लेने पर विश्व की कोई सत्ता दृढ़ निश्चयी व्यक्ति को नही रोक सकती है। **– हेमा पांडेय**

बिहार विधान सभा चुनाव मे प्रशांत किशोर

बिहार विधान सभा चुनाव मे प्रशांत किशोर उर्फपी के ने बडा रिस्क लिया है यदि 0-3 सीट आयी तो उसकी कलई खुल जायेगी फिर कोई पार्टी उसको ठेका नही देंगे। हलांकि वह नेताओ से इतना पैसा कमा लिया है कि उसकी आने वाली दो पीढी लुटाये तब भी खर्च नही होगा। राज्यसभा तो दूर पी के को कोई दल पार्षद तक नही नॉमिनेट करेंगे। **– एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

कहा सागर ने जो नदिया से वही तुम भी

कहा सागर ने जो नदिया से वही तुम भी कहो हमसे। कहो हमसे वही तुम भी कहा जो फूलों ने शबनम से। ये कैसा साज है छेडा मुहब्बत गाने लगी देखो। हमारे प्यार के किस्से ज़माना भी कहे हमसे ॥ **– सविता वर्मा**

मैं कहती मैं तुम्हारे साथ चली वो

मैं कहती मैं तुम्हारे साथ चली वो कहता नदी मेरे साथ चली इसी बात पर तो दोनों लड़ बैठे मुंह घुमाकर एक-दूजे से अड़ बैठे घड़ियां ,दिन, महीने, साल हुए ठहर गया वक्त, न बेहाल हुए बदल गई दिशाएं दोनों छोर की सफ़र शुरू करे भी किस ओर की होंठों पर सवाल लिए चुप लब हैं दिल को मालूम कि क्या सबब है। **– सपना चन्द्रा**

हाथी दादा की बनी,प्यारी सी

हाथी दादा की बनी,प्यारी सी पहचान। भारी-भरकम देह है ,लंबे-लंबे कान।। लंबे-लंबे कान, सूँड़ से पीते पानी। खाते पत्ते,घास, नहीं ताकत का सानी। करते काम तमाम,बने मानव के साथी। मस्ती वाली चाल ,हमेशा चलते हाथी।। **– डॉ बिपिन पाण्डेय**

अकेला आदमी ज़िन्दगी से तो लड़ सकता

अकेला आदमी ज़िन्दगी से तो लड़ सकता है ,समाज से नहीं समाज में रहने के लिए बेहतर बनना पड़ता है। कभी कभी अपने और समाज से भी लड़ना पड़ता है जब अधिकार की बात हो तो, मंजिल ऐसे ही नहीं मिलते संघर्ष करनी पड़ती है। **– लक्ष्मी नारायण लहरे '**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी संतान की संगति पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृषः आज का दिन आपके लिए कोई ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें।

मिथुनः आज का दिन आपके आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप धार्मिक कामों पर पूरा ध्यान देंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। तरक्की की राह में आगे बढ़ेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए किसी नयी नौकरी के लिए बेहतर रहेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गयी थी, तो उसकी आपको मिलने की पूरी संभावना है।

धनुः आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामले में कुछ कमजोर रहेगा, क्योंकि आपका धन कहीं फंस सकता है।

मकरः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको कुछ नए कामों से एक पहचान मिलेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान, दुकान आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहने वाला है।

मीनः आज का दिन आपके लिए हौसला लेकर आने वाला है और आपका रोजगार भी बढ़िया चलेगा।

सूर्योदय : 06:45, सूर्यास्त : 18:09, चन्द्रोदय : 18:45, चन्द्रास्त : 07:56, अयन - दक्षिणायन, ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : रोहिणी, योग : व्यतीपात (07:05 से वरीयान, 26:41+ से परिघ), प्रथम करण : कौलव (14:54 तक), द्वितीय करण : तैतिल (24:58+ तक)।

॥ गोचर ग्रहः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : वृषभ, मंगल : वृश्चिक (उदित- पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) रीसेट प्रोग्राम किस मंत्रालय की पहल है?
2) सॉरानामक AI वीडियो जनरेशन मॉडल किस संगठन ने लॉन्च किया है?
3) 2018-19 में बांस की खेती के लिए शुरू की गई केंद्रीय प्रायोजित योजना का नाम क्या है?
4) हाल ही में अपने 60वें अंडे देने वाले दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात जंगली पक्षी का नाम क्या है?
5) डिमुथ करुणारत्ने, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, किस देश से संबंधित हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) युवा मामले और खेल मंत्रालय (2) ओपनएआई (3) राष्ट्रीय बांस मिशन (4) रॉयल अल्बाट्रॉस (5) श्रीलंका

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 220 (भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का डंडा 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज बीन, जाँच पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, मानसून, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 219 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	र्म			ज	र	दा		

न्यूज गैलरी

बरमकेला ब्लॉक के सभी छात्रावासों में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश पर गुरुनानक जयंती के अवसर पर सामुदायिक

स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला की टीम ने ब्लॉक के सभी बालक एवं बालिका छात्रावासों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही के नेतृत्व में बरमकेला, सरिया, लेन्धरा, डोंगरीपाली, बिरनीपाली, बोंन्दा, झनकपुर, बड़े नावापारा और झाल छात्रावासों में बच्चों का स्वास्थ्य और हीमोग्लोबिन जांच की गई।मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी आदि की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों ने सतर्कता बरतने की सलाह दी। बच्चों के लक्षणों के आधार पर तत्काल दवा भी वितरित की गई। डॉक्टरों ने कहा कि नवंबर माह में तापमान गिरने से डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए स्वच्छता, गर्म भोजन और स्वच्छ पानी का सेवन आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल बच्चों और अभिभावकों में सराहनीय रही, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता फैलाने की अपील की गई।

बुचीपारा स्कूल का जनपद सदस्य पाटले ने किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र के बुचीपारा हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल में जनपद सदस्य तरुण पाटले द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने स्कूल भवन के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की मांग की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य सामान्य रूप से संचालित पाया गया। सभी शिक्षक अपने कक्षाओं में उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने स्कूल भवन में मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की आवश्यकता बताते हुए जनप्रतिनिधि से अनुरोध किया। विद्यालय में दीवारों, कमरों एवं अन्य आवश्यक संरचनाओं की मरम्मत को लेकर विद्यार्थियों ने अपनी समस्या रखी। विद्यार्थियों की बात सुनते हुए जनपद सदस्य तरुण पाटले ने कहा कि शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य करवाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने जनपद सदस्य का धन्यवाद व्यक्त किया।

मुंगेली में राज्य स्थापना की रजत जयंती पर तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन

सम्मान समारोह में जिले की विभूतियों और कलाकारों का हुआ सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर मुंगेली के वीर धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विकास की झलकियों का प्रदर्शन किया गया। राज्योत्सव का समापन मुंगेली विधायक मोहले के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहले ने कहा कि 01 नवंबर 2000 को अपनी स्थापना के पश्चात हमारा राज्य 25 वर्ष यानी रजत वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इन 25 वर्षों में हमारे राज्य ने शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क, आवास पेयजल सहित विकास की सभी पायदान में बेहतर प्रगति की है। किसी जमाने नवोदित राज्य कहलाने वाला हमारा प्रदेश विकास एवं सांस्कृतिक गौरव के उत्कर्ष के साथ अन्य राज्यों के लिए मिसाल बन रहा है। खनिज वन संसाधनों से परिपूर्ण हमारा छत्तीसगढ़ सूर्योदय की तरह चमक रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले ने 2012 में अपनी स्थापना के बाद से ही विकास के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ ने 25 साल की यात्रा पूरी की है। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा तैयारी के दौरान छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और यहां की सांस्कृतिक समृद्धता के बारे में जानने का मौका मिलता था, प्रारंभ से ही इस राज्य के

प्रति लगाव और प्रेम था और ईश्वर की कृपा से इस राज्य में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का अवसर मिला। यह मेरा सौभाग्य है कि अपनी सेवा के 15 सालों में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का साक्षी बन रहा हूं। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले में आपार प्रतिभा है, शिक्षा, खेल, रोजगार, नवाचार जैसे सभी क्षेत्रों में यहां के बच्चों में अद्भुत प्रतिभा है। शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अपने प्रतिभा को निखारने और संवारने के लिए शिक्षा से बड़ा कोई माध्यम नहीं है। जिले में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए भी विशेष प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी ने भी राज्य स्थापना एवं जिले के विकास को रेखांकित करते हुए राज्योत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडीएम श्रीमती निष्ठा पांडे तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, जनप्रतिनिधि गुरमीत सिंह सलूजा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। मंच संचालन अशोक सोनी एवं रामपाल ने किया। रजत जयंती उत्सव के समापन कार्यक्रम में राज्य अलंकरण प्राप्त जिले के विभूतियों को सम्मानित किया गया। इनमें दानवीर भामाशाह सम्मान प्राप्त भवानी साव और रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट के प्रतिनिधि विनय गुप्ता, दाऊ दुलार सिंह मंदराजी सम्मान प्राप्त श्रीमती रेखा देवार के पुत्र पुरूषोत्तम देवार, डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान प्राप्त श्रीकांत गोवर्धन, गुंडाधूर सम्मान प्राप्त रामफूल टोंडर, देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार प्राप्त साधेलाल रात्रे, गुरु घासीदास सम्मान प्राप्त संत भक्त पंथी कल्याण समिति के प्रतिनिधि प्रीतम कोसले, कमल पाटले, टीकाराम घृतलहरे, ठाकुर प्यारेलाल सिंह सम्मान प्राप्त जिला सहकारी विपणन संस्था के प्रतिनिधि कनक कुमार राजपूत, लखन लाल मिश्र सम्मान प्राप्त लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी मुंगेली, बैडमिंटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ जिले का मान बढ़ाने वाले हर्ष शर्मा, स्व .केदार सिंह परिहार के सुपुत्र हरि ठाकुर को सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार विभागीय स्टॉल के प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त सहकारिता विभाग, द्वितीय स्थान प्राप्त पुलिस विभाग और तीसरा स्थान प्राप्त जल संसाधन विभाग तथा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राष्ट्रपति मुर्मु के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रमुख सचिव ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संभावित आगमन को लेकर अम्बिकापुर में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इसी सिलसिले में आज आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री बोरा ने सबसे पहले गांधी स्टेडियम पहुंचकर राष्ट्रपति के आगमन हेतु तैयार किए जा रहे हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, आगमन एवं निर्गमन मार्ग, हेलीपैड की मजबूती तथा आसपास की साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात् उन्होंने पी.जी. कॉलेज मैदान पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम स्थल की तैयारियों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने पीजी कॉलेज मैदान में बनने वाले डोम

पंडाल, बैठक व्यवस्था, वीआईपी गेट, यातायात बेरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास द्वार, स्टॉल्स की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बिजली व्यवस्था एवं सांस्कृतिक मंच का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप और सौंदर्यपूर्ण ढंग से पूरी होनी चाहिए। श्री बोरा ने पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली संगोष्ठी कार्यक्रम की तैयारियों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित, समयबद्ध रहे। निरीक्षण के दौरान सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, कलेक्टरविलास भोसकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

घरघोड़ा पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। घरघोड़ा पुलिस ने सड़क किनारे लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की रकम बरामद की है। मामला ग्राम कोगनारा निवासी दिलीप राठिया (31) से जुड़ा है, जिसने 3 नवंबर 2025 को थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि 2 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह अपने भतीजे भानु राठिया के साथ मजदूरी का कार्य कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। दर्रीडीपा खान दुकान के पास नेगीपारा निवासी देवकुमार पैंकरा और हरेन्द्र पैंकरा ने रास्ता रोककर उसकी जेब से 3200 रुपए नगद लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस ने अपराध क्रमांक 290/2025 धारा 126(2), 304(2), 3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू

की। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों–देवकुमार पैंकरा (20 वर्ष) और हरेन्द्र पैंकरा (20 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 12 नेगीपारा–को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद देवकुमार पैंकरा से 1400 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। कार्रवाई में निरीक्षक कुमार गौरव साहू, प्रधान आरक्षक अरविन्द पटनायक, आरक्षक हरीश पटेल और महिला आरक्षक सुप्रिया सिदार की सराहनीय भूमिका रही।

पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती के परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में अध्ययनरत छात्रा मनीषा धिरहे पिता लच्छीराम धिरहे एवं सोनम देवांगन पिता मुन्ना लाल देवांगन ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। विद्यालय की दोनों छात्रा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता बालोद में 8 से 11 तक होने वाले प्रतियोगिता में राज्य की प्रतिनिधित्व करेंगी।

वन विभाग ने बैगा जनजाति के पीएम आवास पर चला दी बुलडोजर

■ कांग्रेस ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

जनकपुर/नवप्रदेश। एम सी बी -जनकपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के गरीब परिवारों के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)के तहत बने मकानों को वन विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया कांग्रेस ने वन विभाग की कार्रवाई को असंवैधानिक और अमानवीय बताया है तथा उच्च स्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए मांग की है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने जिला कलेक्टर एम सी बी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बैगा जनजाति के परिवार राजेंद्र बैगा, ज्योति बैगा, दया शंकर बैगा और सावित्री बैगा को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास स्वीकृत किए गए थे, उन्हें नियमों के अनुरूप निर्माण कीअनुमति दी गई थी फिर भी वन विभाग के अधिकारियों ने मनमानी करते हुए जेसीबी से गरीब आदिवासी परिवारों के आवास को तोड़ दिया,जो न केवल मानवीयता के खिलाफ है बल्कि संविधान के अनुच्छेद 46 का उल्लंघन भी है, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक व आर्थिक हितों की रक्षा का प्रावधान है।

ज्ञापन में कांग्रेस ने प्रशासन और वन विभाग पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति दी गई थी, तब वन विभाग मौन क्यों रहा? निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर वन विभाग ने कोई रोकथाम याँ आपत्ति क्यों नहीं जताई? क्या वन विभाग की लापरवाही नहीं है कि समय रहते जानकारी नहीं ली कार्यवाही नहीं की और अब गरीब बैगा परिवार के घरों कों तोड़ दिया गया क्या वन विभाग प्रधानमंत्री जन कल्याण कारी योजनाओं कों रौंदेगा। कर्मचारियों की गलती की सजा निर्दोष और गरीब बैगा परिवार को क्यों दी जा रही है। साथी यह भी जानना आवश्यक है कि क्या तोड़फोड़ की कार्रवाई से पूर्व तहसीलदार, एसडीएम, जनपद सीईओ या जिला पंचायत सीईओ को कोई लिखित सूचना या अनुमति प्राप्त की गई है यदि नहीं तो यह एक तरफा एवं असमवैधानिक करवाई है जिसकी उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है।

प्राकृतिक आपदा में वारिसों को आर्थिक सहायता मंजूर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें तहसील बतौली के सलेयाडीह निवासी प्रकाश की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस मुन्नी बाई, तहसील बतौली के भटको निवासी बालमुकुन्द की मृत्यु मधुमक्खी के काटने से होने पर उनके वारिस महंत बाई, तहसील बतौली के बतौली निवासी लक्ष्मण की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस प्रफुल्ली एक्का, तहसील लुण्ड्रा के जमोनी निवासी गरीब राम की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके वारिस कमला, तहसील सीतापुर के ललितपुर निवासी लाईजू राम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर उनके दोमनिका एवं तहसील मैनपाट के कोट निवासी रमेश की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस रामबिलास को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

नि:शुल्क नेत्र व स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जनसैलाब

सक्ती/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय संतोष अग्रवाल (प्रियंका मोबाइल) की चतुर्थ पुण्य स्मृति में, उनकी प्रेरणा से लगातार तीसरे वर्ष निःशुल्क नेत्र रोग निदान, मोतियाबिंद जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह सेवा शिविर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार, सामुदायिक भवन सक्ती में संपन्न हुआ। आयोजन परिवार के राजकुमार , रितेश अग्रवाल, राहुल , राकी एवं आदित्य (राजा) अग्रवाल ने सभी आगंतुक अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा – 'लगातार तीसरे वर्ष इस शिविर का आयोजन

कर अग्रवाल परिवार ने समाजसेवा की मिसाल कायम की है। 'कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खरकिया परिवार के वरिष्ठ सदस्य गणेश राम अग्रवाल, श्यामसुंदर अग्रवाल (आनंद मेडिको), उषा संतोष अग्रवाल, उर्मिला राजकुमार अग्रवाल, संगीता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में परिवारजन उपस्थित रहे। इसके साथ ही रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति के ट्रस्टी सुरेश अग्रवाल (लाला), छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच सक्ती शाखा अध्यक्ष मनीष कथूरिया, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सक्ती इकाई अध्यक्ष मुकेश बंसल, गौ सेवा समिति प्रमुख मयंक ठाकुर, पत्रकार संघ सक्ती के सुमित शर्मा, डीएम चैरिटेबल ट्रस्ट डायरेक्टर चमन अग्रवाल, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष रवि जिंदल, अग्रवाल सभा के पूर्व सचिव नरेश मित्तल, रक्तदान समिति के अमीर अनिरुद्ध , पूर्व नपा अध्यक्ष नरेश गेवाड़ीन, मनोज बंसल, संजय अग्रवाल , राधेश्याम अग्रवाल , राजीव लोचन,राजीव साहू मोनू द्वय गौरव अग्रवाल,शुभम अग्रवाल सहित अनेक समाजसेवी शामिल रहे।

स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने 10 टीबी रोगियों को लिया गोद, मिला सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर की जानी-मानी सामाजिक संस्था स्टार्स ऑफटुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने एक बार फिर समाज सेवा का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चल रही निक्षय मित्र योजना के तहत संस्था ने 10 टीबी (तपेदिक) रोगियों को गोद लेकर उनके पोषण, देखभाल और सहयोग की जिम्मेदारी उठाई है। इस सराहनीय पहल के लिए जिला प्रशासन ने राज्योत्सव के अंतिम दिन संस्था को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र, साल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। निक्षय मित्र योजना, केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण

पहल है जो टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। इस योजना के माध्यम से कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी रोगियों को पोषण, अतिरिक्त निदान और रोजगार सहायता जैसी मदद प्रदान कर सकती है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष महावीर सिंह ने कहा हमारी संस्था सदैव सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रही है। निक्षय मित्र योजना के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग की मदद कर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। हमारा उद्देश्य लोगों को सेवा और संवेदना के मार्ग पर प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुन्नलाल मोहले और कलेक्टर कुंदन कुमार ने संस्था के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्टार्स ऑफटुमॉरो समाज के प्रेरक कार्यों के लिए जानी जाती है, और इस पहल ने एक और उल्लेखनीय अध्याय जोड़ दिया है। यह पहल न केवल टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक कदम है, बल्कि समाज सेवा और मानवीयता की मिसाल भी है। सम्मान प्राप्त करने के अवसर पर संस्था के सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सदस्य वासु पांडेय एवं रवि साहू उपस्थित रहे।

खेल महोत्सव

सांसद खेल महोत्सव में खर्च का अनुमान 40 लाख – विवेकानंद फंड से होगी व्यवस्था

सांसद खेल महोत्सव की तैयारी शुरू – फंड की कमी बनी बड़ी चुनौती

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक सभा सदस्य एवं केन्द्रीय मंत्री के लोक सभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रो के नागरिकों मे खेल भावना एवं खेलों से जोडकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देय से जिले में सांसद खेल महोत्सव शुरू होने जा रहा है लेकिन सबसे खास बात ये है कि इसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पास कोई फंड नहीं है। विगत दिनों हुई बैठक में अधिकारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री व बिलासपुर सांसद तोखन साहू शामिल रहे, खेलो के लिए फंड की व्यवस्था की जा रही है, व्यवस्था होते ही खेल महोत्सव कराए जाऐंगे।

लोक सभा क्षेत्रके अंर्तगत हो रहे सांसद खेल महोत्सव के लिए कुल 105360 का पंजीयन हो चुका है विधानसभावार मुंगेली जिले में कुल 62872 प्रतियोगियों ने पंजीयन कराया है जिनमें मुंगेली विधानसभा से 27173, लोरमी विधानसभा से 18225, पथरिया विधानसभा से 17474 पंजीयन हुए है वहीं बिलासपुर जिले से 42488, ने पंजीयन कराया है जिनमें बेलतरा विधानसभा से 6799, बिलासपुर विधानसभा से 6596, कोटा विधानसभा से 10824, मस्तुरी विधानसभा से 6819 तथा तखतपुर विधानसभ से 11450 ने पंजीयन कराया है सांसद खेल महोत्सव के अंर्तगत तिरंदाजी, बोरादौड, नीबु दौड, पैदल दौड, 400 मीटर दौड, रस्साकसी, कबड्डी, बॉलीबॉल, फुटबॉल, रिलेदौड, लंगोरी जैसे खेल कराए जाऐंगे। प्रतियोगिता ग्राम, जनपद और संसदीय क्षेत्र स्तर पर तीन चरणों में होगी। ग्राम और जनपद स्तर की प्रतियोगिताएं नवंबर में होंगी। केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक उत्सव की तरह है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आयोजन से जोड़ा जाए। खेलों के प्रचार-प्रसार के लिए फ्लैक्स, बैनर, सोशल मीडिया के माध्यमों का उपयोग किया जाए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वय बनाकर सभी तैयारियां पूर्ण करे। इस संबंध मे जिला पंचायत के सीओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया की सांसद खेल महोत्सव के लिए फंड नही आया है सांसद खेल महोत्सव के लिए फंड की व्यवस्था की जा रही है।

ग्राम और जनपद और फिर संसदीय स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं

फंड नहीं मिला है, विवेकानंद मद से खर्च करेंगे-सांसद खेल महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक हुई थी। इसमें बताया गया कि अब तक 1 लाख 400 खिलाड़ियों का पंजीयन हो चुका है। इस दौरान फंड नहीं होने और संसदीय स्तर की प्रतियोगिता में करीब 40 लाख खर्च होने का अनुमान बताया गया है। पंचायत स्तर पर राशि लगेगी, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जिला पंचायत के विवेकानंद फंड से राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध मे सांसद से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।

सभी निर्माण एजेंसियों एवं असंगठित कामगारों का श्रमिक पंजीयन कराएं: कलेक्टर डॉ संजय

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागवार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और पीजी पोर्टल से प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग, जनपद सीईओ और सीएमओ को *पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के शिविर लगाकर लक्ष्य पूर्ण करने कहा। श्रमिकों को लाभ दिलाने हेतु सभी निर्माण एजेंसियों और असंगठित कामगारों का श्रम पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने दोनों एसडीएम को पीडीएस दुकानों और सहकारी समितियों का नियमित निरीक्षण करने तथा धान खरीदी की तैयारियों पर सतत निगरानी रखने कहा। धरती आबा योजना से जुड़े लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को शीघ्र कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए।

दिवाल फांदकर नाबालिग युवती से छेड़छाड़ हत्या की नियत रखने वाला आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/ नवप्रदेश। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खल्लारी में नाबालिग युवती से छेडछाड की नियत तथा हत्या करने की कोशिश करने वाले आरोपी रोहिदास उसेण्डी पिता स्व.जल्लूराम को गिरफ्तार किया गया है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 05सितंबर 2025 को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 04सितंबर 2025 को रात्रि करीबन 09.00 बजे प्रार्थी कि नाबालिक पुत्री सो रही थी जिसे आरोपी रोहिदास पिता स्व.जल्लूराम निवासी खल्लारी थाना कांकेर के द्वारा दिवाल कूदकर छेडछाड की नियत से हत्या करने की कोशिश करने पर प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध धारा 74,75(2),109,127(4) बीएनएस, 08,12 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी रोहिदास उसेण्डी पिता स्व. जल्लूराम निवासी खल्लारी थाना कांकेर को तत्काल थाना से पुलिस टीम रवाना कर आरोपी रोहिदास उसेण्डी को ग्राम खल्लारी में घेराबंदी कर 06.सितंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप एवं महिला प्र.आरक्षक, हितेश्वरी चेलक व आरक्षक देवदत्त कडियाम का अहम भूमिका रहा है।

8सितंबर पुरुष/महिला के लिए पैदल चाल प्रतियोगिता

कांकेर/ नवप्रदेश। अन्तराष्ट्रीय स्वास्थय और दक्षता संघ जिला कांकेर के तत्वाधान में 08सितंबर 2025 को प्रातः 7:00 बजे ग्राम कोरर (चिलहाटी चौक) में पुरुष / महिला के लिए पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं।विद्यालय/महावि?द्यालय / ग्राम पंचायत से अधिक से अधिक प्रतिभागियों को सम्मिलित होने संघ ने आह्वान किया है। प्रतियोगिता के नियम और शर्ते अंतर्गत प्रवेश निशुल्क है, पुरुष प्रतिभागी के लिए दूरी 5 किलोमीटर एवं महिला प्रतिभागी के लिए दूरी 3 किलोमीटर निर्धारित हैं। प्रतियोगिता के दौरान घटना दुर्घटना के लिये प्रतिभागी स्वयं जिम्मेदार होगे ।प्रथम 3 विजेतायो को प्रमाण पत्र और मोमेंटों से पुरुष्कृत किया जाएगा। 4 से 10 स्थान तक के विजेतायो को प्रमाण पत्र दिया जाएगा । प्रतियोगी खेल पोशाक में सम्मिलित होए । प्रतियोगिता में सम्मिलित / पंजीयन होने हेतु संघ के पधाधिकारी श्री अनिल यदु मो. न. 9425598857 श्री दुष्यंत सोनकर मो. न. 9424286285 से संपर्क कर सकते हैं।

भाजपा के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सहित दो महामंत्री का प्रथम आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत

कांकेर/चारामा / नवप्रदेश। भारतीय जनतापार्टी, जिला कांकेर के नई टीम का जिले के प्रवेश द्वार चारामा में ढोल नगाड़ों आतिशबाजी तिलक पुष्पहार और हर्ष उत्साह के साथ स्वागत किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड छग शासन राज्यमंत्री दर्जा भरत मटियारा ने पुष्पहार से सभी उपस्थित पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष बृजेश चौहान दोनों जिला महामंत्री राजा पांडे जितेंद्र मरकाम,मंत्री अनीता बंजारे, आदि सदस्यों कार्यकर्ताओं का पुष्प गुच्छ तिलक से स्वागत किया।भाजपा चारामा मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू के नेतृत्व में मंडल भाजपा तथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारी संख्या में सम्मिलित रहे।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आगाज

कांकेर जिले को मिली मेजबानी

- बस्तर सहित सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जोन के 280 खिलाड़ी करेंगे प्रदर्शन
- खेल भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन करे खिलाड़ी - विधायक

कांकेर/ नवप्रदेश। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के चार दिवसीय आयोजन का शुभारम्भ आज नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया गया। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 05 जोन बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर तथा दुर्ग जोन के 280 खिलाड़ी खो-खो (बालक-बालिका, अंडर-19), हैण्डबॉल (बालिका, अंडर-17) और क्रिकेट (बालिका अंडर-17) खेलों की प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक श्री आशाराम नेताम ने खेल प्रतियोगिता के विधिवत् शुभारम्भ की घोषणा की।

अपने उद्बोधन में विधायक श्री नेताम ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि कांकेर जिले को राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर मिला है। सभी खिलाड़ी खेल को समरसता के साथ खेल भावना के साथ खेलें। उन्होंने आगे कहा कि खेलों के माध्यम से परस्पर जोड़ने का सतत् प्रयास प्रदेश सरकार कर रही है। केन्द्र व राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और लगातार कार्रवाई के चलते बस्तर नक्सलमुक्त की ओर सतत् अग्रसर है। विधायक ने सभी खिलाड़ियों से अपील करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को 25वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेल भावना से प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पहले ही अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन यहां तक पहुंचे हैं। आज के दौर में खेल को भावी कैरियर के रूप में देखा जा रहा है। श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने समाज, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को टीम स्पिरिट के साथ अपने जीवन का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने भी अपने संबोधन में खेल के माध्यम से अपने जिला व प्रदेश को गौरवान्वित कर अनुशासन के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की अपील उपस्थित खिलाड़ियों से की।इसके पहले, जिला शिक्षा अधिकारी ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में प्रतिवेदन का वाचन कर जानकारी दी। शुभारम्भ अवसर पर नरहरदेव विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही सभी जोन के खिलाड़ियों ने खेल मैदान में मार्चपास्ट किया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुआ ई-ऑफिस प्रशिक्षण अब जिले की हर फाइल होगी ऑनलाइन

ई-ऑफिस से जिला प्रशासन में डिजिटल क्रांति

कलेक्टर की उपस्थिति में जिला अधिकारियों एवं लिपिकों को मिला प्रशिक्षण

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले में प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एक दिवसीय ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के अधिकारी और लिपिक शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि ÷ई-ऑफिस शासन की एक ऐसी अभिनव पहल है, जो पारंपरिक कागजी फाइल प्रणाली को डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित कर रही है।÷ इस अवसर पर राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, नगरीय प्रशासन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, वन सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं लिपिकों ने भाग लिया।

दो पालियों में दिया गया प्रशिक्षण - हर अधिकारी और लिपिक हुआ डिजिटल कार्यप्रणाली से परिचित-ई-ऑफिस प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु इसे दो पालियों में आयोजित किया गया। पहली पाली में जिला स्तरीय अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि दूसरी पाली में अन्य शाखाओं के अधिकारी और लिपिक शामिल हुए। प्रशिक्षण ई-गवर्नेंस शाखा के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को फाइल निर्माण, डायरी, नोटिंग, ड्राफ्टिंग, डिजिटल हस्ताक्षर और फाइल मूवमेंट की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया। लिपिकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उनका कार्य अधिक पारदर्शी, तीव्र और सटीक होगा।

अब हर फाइल होगी डिजिटल - विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और तेजी-ई-गवर्नेंस टीम के रवि निषाद तथा विनोद देवांगन ने बताया कि अब सभी विभागों की फाइलें ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप में संचालित होंगी। उदाहरण स्वरूप, शिक्षा विभाग यदि शाला मरम्मत कार्य हेतु अनुदान स्वीकृति की फाइल बनाएगा, तो उसे पोर्टल पर MCB/EDU/2025/0008 के रूप में तैयार किया जाएगा। संबंधित दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए जाएंगे, नोटिंग एवं अनुमोदन की प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी, और कलेक्टर द्वारा e-Sing फाइल की स्वीकृत दे सकेंगे।

नपा क्षेत्र में हो रहा अतिक्रमण, सुमित्रा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

पूर्व पार्षद लता मरकाम पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

दंतेवाड़ा। जिले में भाजपा सरकार आने के बाद अतिक्रमण का मामला लगातार बढ़ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के हुडको कालोनी में नजूल जमीन पर पूर्व पार्षद द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जिसे लेकर कांग्रेस नेत्री सुमित्रा सोरी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा समर्थित पूर्व पार्षद लता मरकाम द्वारा नजूल जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। लता मरकाम द्वारा मुनाफा कमाने अपने परिजनों के नाम से अलग-अलग जगहों पर कब्जा कर उसे बिक्री कर या फिर घर बनाकर किराया में दिया जा रहा है। सुमित्रा सोरी ने कहा कि जानकारी मिली है कि चुड़ीटिकरा में भी नजूल जमीन घेर कर उसे लता मरकाम द्वारा कब्जा कर लिया गया है। श्रीमती सोरी ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्रों में भाजपा नेता अपने परिजनों को बुलाकर कब्जा करवा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा सभी भाजपा नेताओं को अतिक्रमण करने की छूट भी दी गई है।

शिक्षकों को अपमानित करने वाले रीलबाज जेडी बस्तर राकेश पाण्डेय हटाये गये

- शिक्षकों ने जेडी कार्यालय के समक्ष आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर मनाई खुशी

कांकेर/ नवप्रदेश। बस्तर संभाग में सर्व शैक्षणिक संगठन द्वारा शिक्षक से दुर्व्यवहार करने तथा समय-समय पर अपने बेतुके आदेशों एवं तानाशाही रवैए से शिक्षकों को अपमानित करने वाले जेडी को हटाने की मांग पर सरकार तत्काल संज्ञान में लेते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार कर बस्तर जेडी राकेश पाण्डेय की राज्य सरकार ने बस्तर से छुट्टी कर दी है। राज्य सरकार ने एच.आर .सोम को नया संयुक्त संचालक बनाया है। उल्लेखनीय है कि जींस पहनकर आये एक शिक्षक को संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय

ने अभद्रता के साथ चैंबर से भगा दिया था। शिक्षकों को अपने बेतुके बयानों,तानाशाही एवं गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए लगातार अपमानित करना आम बात हो गई थी।जिसके बाद शिक्षकों का आक्रोश भड़क गया था।शिक्षकों ने इस संबंध में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। बस्तर आयुक्त के दफ्तर के बाहर भी शिक्षकों का प्रदर्शन हुआ था। शिक्षकों ने चेतावनी दी थी कि अगर बस्तर जेडी को नहीं हटाया गया तो सात नवंबर को बस्तर संभाग के समस्त शालाओं में तालाबंदी कर आक्रोश रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के पिछड़ा वर्ग के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर आगमन पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंप कर शिक्षकों को लगातार अपमानित करने वाले बस्तर जेड राकेश पांडे को शीघ्र हटाने की मांग की थी।सरकार ने शीध्र निर्णय लेते हुए शिक्षकों के सम्मान एवं छात्रहित में बस्तर जेडी को हटाते हुए नये संयुक्त संचालक शिक्षा की नियुक्ति कर दी।सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव,प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी, प्रदेश संयोजक वाजिद खान,जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला,जिला सचिव संतोष जायसवाल, विकासखण्ड अध्यक्ष कोयलीबेड़ा भोला प्रसाद ठाकुर मीडिया प्रभारी कृष्णेंदु आइच ने बताया कि सरकार ने सर्व शैक्षिक संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग राकेश पाण्डेय को हटाते हुए नये संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग बने श्री एच आर सोम को नियुक्त प्रदान की इसके लिए सर्व शैक्षणिक संघ की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव,उप मुख्यमंत्री अरुण साव,वन पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री केदार कश्यप,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री किरण देव का आभार जताया।

सेजस स्कूल मनेंद्रगढ़ में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत

बाल दिवस पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

एमसीबी/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ के अंतर्गत आज सेजस स्कूल मनेंद्रगढ़ में बाल दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ÷हर बालिका राष्ट्र की पूंजी÷ तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता का विषय ÷मेरे सपनों का भविष्य÷ रखा गया, जिसके माध्यम से बालिकाओं को अपने विचारों, आकांक्षाओं और सपनों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.के. खाती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के मन की बातों को जानना, उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी कहानियों के माध्यम से विचार प्रस्तुत किए, जिनमें उनके उज्ज्वल भविष्य और सशक्त भारत की झलक स्पष्ट दिखाई दी।इस अवसर पर सेजस स्कूल की प्राचार्या श्री रामासरिया शर्मा, शिक्षक इरफान खान, तथा विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मिशन शक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग से जेंडर विशेषज्ञ सुश्री शैलजा गुप्ता, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ श्रीमती अनीता कुमारी शाह, तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक श्रीमती प्रियंका राजवाड़े की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

प्रथम पेज का शेष

चौथे मैच में भारत ने ...

3 विकेट लिए। अक्षर पटेल ने 2 जबकि वरुण चक्रवर्ती ने 1 विकेट लिए। शिवम दुबे ने भी 2 विकेट लिए। तेज गेंदबाजों अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को 1-1 विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। अभिषेक 21 गेंद पर 28 रन बनाकर पहले विकेट के रूप में आउट हुए। इसके बाद निरंतर अंतराल पर विकेट गिरते रहे। इसका परिणाम यह हुआ कि टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन ही बना सकी। शुभमन गिल 39 गेंद पर 46 रन बनाकर श्रेष्ठ स्कोरर रहे। शिवम दुबे ने 22, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 20 और अक्षर पटेल ने नाबाद 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। एडम जांपा मंहगे रहे। उन्होंने 3 विकेट लिए लेकिन 4 ओवर में 45 रन लुटाए। जेवियर बार्टलेट और मार्क्स स्टॉयनिस को 1-1 विकेट मिले। पांच टी20 मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 2-1 से आगे हो गई है। सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच शनिवार को खेला जाएगा।

प्रथम चरण : बिहार ...

वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने अपने परिवार के साथ दीघा विधानसभा क्षेत्र 181, समनपुरा स्थित सामुदायिक भवन, मेहंदी नगर में मतदान किया। इस दौरान उनके पुत्र सैय्यद शान अहमद ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद पहली बार मतदान किया। सैयद शमायल अहमद ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का यह पहला चरण लोकतंत्र का महापर्व है, जिसे जनता पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य का पालन करना एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि सभी लोग घरों से निकलकर मतदान करें और बिहार को मजबूत लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ाएं।

खान सर ने पटना में किया मतदान

शिक्षक और यूट्यूबर खान सर ने प्रथम चरण के मतदान के तहत मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर शामिल होने की अपील की।

वंदे मातरम् की गूंज नई ...

ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ केवल एक स्मरणीय अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, आत्मगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए उनमें देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय चेतना की भावना को और गहराई देगा। वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है, जिसकी गूंज हर नागरिक के हृदय में नई ऊर्जा और गर्व का संचार करेगी। - मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

बांग्लादेश के चटगांव ...

बीएनपी की मजदूर शाखा, श्रमिक दल की उपजिला इकाई के महासचिव अब्दुल्ला सुमन और कार्यकर्ता इस्माइल, खोरशेद, रुबेल और सोहेल के रूप में हुई है। सभी पांचों पीड़ितों का चटगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सीएमसीएच) में इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी 8 को ...

एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच यात्रा के समय को उल्लेखनीय रूप से कम करने के जरिए, ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता में वृद्धि करेंगी, पर्यटन को बढ़ाएंगी और देश भर में आर्थिक कार्यकलापों को बढ़ावा देंगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस रूट पर सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी।

अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय समिति प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर थीं। समिति में राज्यसभा सांसद श्री मिथलेश कुमार, श्रीमती ममता ठाकुर, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती फूलो देवी नेताम, श्री रवांगारा नार्जरी, लोकसभा सांसद श्री हरीश मीना, श्री अरूण कुमार, श्रीमती प्रोतिमा मंडल, श्री जगन्नाथ सरकार, श्री गोविंद करजोल, श्री डी. प्रसाद राव और श्री विष्णु दयाल राम शामिल थे।

'बिहार चुनाव धर्म-अधर्म

महिलाओं के सशक्तिकरण जैसी योजनाओं से आम जनता का जीवन बदला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की तस्वीर बदली है। विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण एनडीए की पहचान है।

मताधिकार जनता का सुदर्शन चक्र

वजीरगंज की सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल हमेशा समाज में फूट डालने की साजिश करते हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता को समझ आ गया है कि कौन उनके साथ है। इस बार इतनी ताकत से बटन दबाना कि कीचड़ में कमल फिर खिले। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 11 नवंबर को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दें। ÷कलियुग में मताधिकार ही जनता का सुदर्शन चक्र है।

सीएम यादव 877 नव-चयनित

द्वारा आयोजित वनरक्षक भर्ती परीक्षा वर्ष 2022-23 में चयनित 467 नव-नियुक्त वनरक्षक, जिन्होंने वन प्रशिक्षण विद्यालयों में वानिकी प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है, को पदस्थापना आदेश दिए जाएंगे। साथ ही मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वन क्षेत्रपाल भर्ती परीक्षा वर्ष 2020-21 से चयनित 76 वन क्षेत्रपाल को भी पदस्थापना आदेश प्रदान किए जायेंगे। इन्होंने देश की विभिन्न प्रशिक्षण अकादमियों में 18 माह का प्रशिक्षण पूरा किया है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्ही.एन. अम्बाडे भी उपस्थिति रहेंगे।

न्यूज गैलरी

51 एसी यात्रियों की थी बुकिंग, पर कोच लगाना ही भूल गए; 3 घंटे बेहाल हुए यात्री

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे की एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है, जहाँ बुकिंग होने के बावजूद निजामुद्दीन-यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन में एक अतिरिक्तएसी कोच नहीं जोड़ा गया। इस गंभीर चूक के कारण 51ष्ट यात्रियों को निजामुद्दीन से ग्वालियर तक की करीब 3 घंटे की यात्रा बिना वातानुकूलित (ष्ट) कोच के करने को मजबूर होना पड़ा। जानकारी के अनुसार, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में ष्ट कोच न जोड़े जाने से परेशान 51 यात्रियों को अलग-अलग साधारण डिब्बों में जैसे-तैसे जगह दी गई। निजामुद्दीन के बाद ट्रेन का पहला स्टॉपेज ग्वालियर ही था। ग्वालियर पहुंचते ही 3 घंटे की असुविधाजनक यात्रा से गुस्साए यात्रियों ने रेलवे अफसरों से शिकायत करते हुए जमकर हंगामा किया। यात्रियों की शिकायत और हंगामे के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया। शिकायत के बाद ग्वालियर में ट्रेन में एक स्पेशल ष्ट कोच को जोड़ा गया, जिसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस पूरी घटना के कारण यात्रियों को 3 घंटे तक भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर रेलवे ने इस चूक की जांच के आदेश दिए हैं। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यशवंतपुर संपर्क क्रांति में ष्ट कोच क्यों नहीं जोड़ा गया, इसकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड

मुंबई। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रामीण और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश पर फोकस करेगी। यह स्कीम 6 नवंबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी। इस फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में निवेशकों की दौलत में इजाफा करना है, जिसके लिए यह उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगा, जो भारत के ग्रामीण विकास और बदलाव (रूरल ट्रांसफॉर्मेशन) से जुड़ी हैं या उससे लाभ कमा रही हैं। इस स्कीम का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी रूरल इंडेक्स टीआरआई होगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने इस मौके पर कहा कि, ÷ग्रामीण भारत अब केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, यह 'भारत' के विकास का नया मोर्चा बन चुका है। वित्तीय समावेशन से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग तक, ग्रामीण भारत में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। यह बदलाव अवसरों, नई उम्मीदों और सरकारी नीतियों की वजह से आ रहा है।

दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय ऊर्जा एकीकरण को देंगे बढ़ावा

भारत-नेपाल के बीच ऊर्जा समझौते पर बनी बात

काठमांडू। नेपाल और भारत के अधिकारियों ने सीमा पार बिजली विनिमय बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। इसके साथ ही दोनों देशों ने कई मौजूदा एवं नियोजित ट्रांसमिशन लाइन परियोजनाओं पर काम में तेजी लाकर ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की हामी भी भरी है।

पश्चिमी पर्यटन शहर पोखरा में सोमवार और मंगलवार को दोनों देशों के ऊर्जा (विद्युत) मंत्रालयों के अंतर्गत संयुक्त तकनीकी दल (जेटीटी) की 17वीं बैठक आयोजित की गई। इस दौरान, दोनों पक्षों ने बिजली व्यापार, नई क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण और ट्रांसमिशन सिस्टम को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की। इसके साथ ही दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण समझौते भी किए।

नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों देश प्रस्तावित चमेलिया-जौलजीबी 220 केवी डबल-सर्किट क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन के लिए नवंबर 2025 तक एक संयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने पर सहमत हुए। उम्मीद की जा रही है कि यह डीपीआर दिसंबर 2027 तक पूरा हो सकता है। प्रस्तावित लाइन नेपाल के सुदूर-पश्चिमी क्षेत्र को भारत के उत्तराखंड राज्य से जोड़ेगी।

दोनों देश निर्माणाधीन नई बुटवल-गोरखपुर 400 केवी क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन के पूरा होने के बाद उसे शुरू में 220 केवी पर संचालित करने पर सहमत हुए। इस लाइन की आयात-निर्यात क्षमता को अंतिम रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी के साथ 15 दिनों के भीतर एक बैठक होगी।

नेपाली अधिकारियों ने बताया कि हाल के महीनों में सीमा के दोनों ओर निर्माण कार्यों में तेजी आई है। इस परियोजना का उद्घाटन नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड ने भारत यात्रा के दौरान संयुक्त रूप से किया था।दोनों पक्षों ने धालकेबार-मुजफ्फरपुर और निर्माणाधीन धालकेबार-सीतामढ़ी क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइनों की बिजली विनिमय क्षमता का भी पुनर्मूल्यांकन किया। इससे यह पुष्टि हुई कि नेपाल इनमें से प्रत्येक के माध्यम से 1500 मेगावाट तक बिजली का निर्यात और 1400 मेगावाट तक आयात कर सकता है।दोनों परियोजनाओं को शुरू में 1000 मेगावाट क्षमता संभालने के लिए डिजाइन किया गया था। वर्तमान में, धालकेबार-मुजफ्फरपुर लाइन नेपाल और भारत के बीच एकमात्र चालू 400 केवी क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन है, हालांकि लगभग एक दर्जन छोटी सीमा पार बिजली लाइनें हैं। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने धालकेबार-मुजफ्फरपुर लाइन के पुनर्निर्माण के लिए उच्च तापमान कम गिरावट (एचटीएलएस) प्रौद्योगिकी को अपनाने और क्षमता बढ़ाने के लिए रक्सौल-परवानीपुर और रामनगर-गंडक 132 केवी लाइनों में मौजूदा कंडक्टरों को एचटीएलएस कंडक्टरों से बदलने का संयुक्त रूप से अध्ययन करने पर भी सहमति व्यक्त की।

भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ कुल मिलाकर मजबूत बनी

अक्टूबर में कारोबारी गतिविधियां बढ़ीं सर्विसेज पीएमआई 58.9 दर्ज किया

नई दिल्ली। एएंडपी ग्लोबल डेटा द्वारा गुरुवार को जारी डेटा के अनुसार, एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स इस वर्ष अक्टूबर में 58.9 दर्ज किया गया, जो दर्शाता है कि भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई है।

एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स 50 मार्क के साथ-साथ अपने लंबे समय के औसत 54.3 से काफी ऊपर रहा।डेटा से जानकारी मिलती है कि मजबूत मांग और हालिया जीएसटी रेट कटौती से गतिविधियों को समर्थन मिलता रहा, लेकिन प्रतिस्पर्धा और भारी बारिश की वजह से विकास की गति सीमित हो गई।

एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, प्रतिस्पर्धा का दबाव और भारी बारिश के कारण सर्विस सेक्टर की गति कुछ धीमी रही। हालांकि, बावजूद इसके सर्विसेज पीएमआई अभी भी 50 के

अपने न्यूट्रल लेवल से ऊपर बना हुआ है। यह अपने लॉन्ग-रन एवरेज से काफी ऊपर रहा है।रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते महीने अक्टूबर में नए बिजनेस में तेजी से बढ़ोतरी हुई। हालांकि, बाढ़ और बढ़ती प्रतिस्पर्धा की वजह से मांग प्रभावित हुई। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी बढ़ते रहे, लेकिन इस वर्ष मार्च के बाद यह सबसे धीमी दर रही, जो भारतीय सर्विसेज के लिए मजबूत लेकिन कम होती विदेशी मांग की ओर इशारा करता है।धीमी गति के बावजूद सर्विस प्रोवाइडर्स भविष्य के लिए बिजनेस एक्टिविटी को लेकर आशावादी बने हुए हैं। इस बीच, मजबूत मांग और जीएसटी रेट में कटौती की वजह से अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी बढ़कर 59.2 हो गई।

अक्टूबर में एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स सितंबर के 57.7 से अधिर रहा, जो सेक्टर में तेजी से हुए होते सुधार को दर्शाता है। अक्टूबर का 59.2 अगस्त में रिकॉर्ड किए गए 59.3 से थोड़ा ही कम था।प्रांजुल भंडारी ने अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी बढ़ने को लेकर कहा कि बीते महीने मजबूत मांग ने आउटपुट को बढ़ावा दिया। इससे नौकरियों के अवसर पैदा हुए और कंपनियों को नए ऑर्डर मिले।

एप्पल वॉच का कमाल : एक महीने में दो भारतीयों की बचाई जान

एक को स्ट्रोक से तो दूसरे को पानी में डूबने से बचाया

नई दिल्ली। एप्पल वॉच ने सिर्फ एक महीने के भीतर भारत में दो लोगों की जान बचाकर सुर्खियां बटोर ली हैं। दोनों ही घटनाएं अक्टूबर महीने की हैं और अब इनकी कहानियां इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। एक मामले में वॉच ने मध्य प्रदेश के एक शख्स को हार्ट स्ट्रोक से बचाया, तो वहीं दूसरे मामले में मुंबई के एक व्यक्ति की स्कूबा डाइविंग के दौरान जान बचाई। मध्य प्रदेश के साहिल को स्ट्रोक से बचाया मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना अक्टूबर के अंत की है। मध्य प्रदेश के 26 वर्षीय साहिल एक बिजनेस ट्रिप पर बाहर गए हुए थे। मीटिंग खत्म करने के बाद वे एक मूवी देखने का प्लान बनाते हैं। जब वे आराम से एसी थिएटर में बैठकर फिल्म देख रहे थे, तभी उनकी ⁄श्वश्वद्यद्ग ड्ढड्डह्लष्द्ध पर एक अलर्ट आया, जिसमें बताया गया कि उनकी हार्ट रेट (हृदय गति) बहुत तेज हो गई है। यह अलर्ट इसलिए चौंकाने वाला था क्योंकि वे करीब 2 घंटे से आराम से बैठे हुए थे।

साहिल ने इस अलर्ट को नजरअंदाज नहीं किया। वॉच पर उनकी हार्ट रेट 150 ड्ढश्वद्ब (बीट प्रति मिनट) दिख रही थी। वे तुरंत डॉक्टर के पास गए, जिन्होंने श्वष्टत्र और ब्लड टेस्ट कराए। जांच में पता चला कि उनकी हार्टबीट सच में खतरनाक स्तर पर थी। डॉक्टर ने उन्हें बताया कि अगर वे इस हालत में अपनी अगली ट्रेन यात्रा करते, तो उन्हें स्ट्रोक या ब्रेन हेमरेज का खतरा हो सकता था। ऐपल वॉच के समय पर मिले अलर्ट ने उनकी जान बचा ली। बाद में साहिल ने ⁄श्वश्वद्यद्ग के ष्टश्वह्र टिम कुक को धन्यवाद देते हुए एक ईमेल भी लिखा। दूसरा मामला अक्टूबर महीने की शुरुआत का है। मुंबई के रहने वाले क्षितिज जोडपे पुडुचेरी के पास स्कूबा डाइविंग कर रहे थे। तभी पानी के अंदर उनकी सपोर्ट बेल्ट अचानक ढीली हो गई और वे अपना बचाव करने की कोशिश करने लगे।उसी पल, उनकी ⁄pple Watch Ultra ने खतरे को भांप लिया। वॉच का सायरन (अलर्ट) बजने लगा और उसकी स्क्रीन की लाइट भी बहुत तेज हो गई।

खेल, मनोरंजन

हरमनप्रीत, मंधाना और जेमिमा रिटेन एलिसा हीली दीप्ति और मेग लैनिंग को टीमों ने रिलीज किया

स्पोर्ट्स डेस्क। विमेंस प्रीमियर लीग के मेगा ऑक्शन से पहले 5 टीमों की प्लेयर रिटेंशन लिस्ट रिलीज हो चुकी है। श्वस्क्ष्ह क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार, भारत की वर्ल्ड कप विनिंग प्लेयर्स हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्ज को उनकी टीमों ने रिटेन कर लिया है।

वनडे वर्ल्ड कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमीलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली और पूर्व कप्तान मेग लैनिंग तक को टीमों ने रिलीज कर दिया। मेगा ऑक्शन 27 नवंबर को दिल्ली में हो सकता है। दिल्ली और मुंबई ने 5-5 प्लेयर्स रिटेन किए डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस और 3 बार की रनर-अप टीम दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे ज्यादा 5-5 प्लेयर्स को रिटेन किया। सीजन-2 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 4 ही प्लेयर्स को रिटेन किया। वहीं कभी फाइनल नहीं खेलने वालीं गुजरात जायंट्स ने 2 और यूपी वॉरियर्ज ने 1 ही प्लेयर को रिटेन किया। 5 प्लेयर्स को रिटेन कर सकती हैं टीमें में इस बार मेगा ऑक्शन होना है। ऑक्शन से पहले 5 टीमें 5-5 प्लेयर्स को ही रिटेन कर सकती हैं। इनमें 2 विदेश की और 3 भारतीय प्लेयर्स हो सकती हैं। भारतीयों में भी 2 ही अनकैप्ड प्लेयर्स को रिटेन करने की लिमिट हैं। जो टीमें 5-5 प्लेयर्स रिटेन नहीं करेंगी, उनके पास ऑक्शन में बाकी स्पॉट के लिए राइट टु मैच कार्ड भी रहेगा।उदाहरण के लिए ने 4 प्लेयर्स को रिटेन किया। यानी उनके पास मेगा ऑक्शन में एक कार्ड रहेगा।

इसकी मदद से अपनी टीम का हिस्सा रहीं सोफी मोलेनिक्स, रेणुका ठाकुर और सोफी डिवाइन जैसी प्लेयर्स को ऑक्शन में फिर से अपना हिस्सा बना सकेगी।मुंबई-दिल्ली के पास सबसे कम पर्स रहेगा सभी टीमों के पास 15-15 करोड़ रुपए का पर्स था। रिटेंशन में प्लेयर-1 पर 3.5 करोड़ रुपए, प्लेयर-2 पर 2.5 करोड़, प्लेयर-3 पर 1.75 करोड़, प्लेयर-4 पर 1 करोड़ और प्लेयर-5 पर 50 लाख रुपए खर्च होते।अगर कोई टीम 5 प्लेयर्स को रिटेन करती है तो उनके 9.25 करोड़ रुपए खर्च हो जाएंगे। इस हिसाब से मुंबई और दिल्ली के पास ऑक्शन में 5.75 करोड़ रुपए ही रहेंगे। उनके पास RTM कार्ड भी नहीं रहेगा। इसी तरह RCB के पास 6.25 करोड़ रुपए के साथ 1 RTM कार्ड है।गुजरात 9 करोड़ रुपए के पर्स और 3 RTM कार्ड के साथ ऑक्शन में उतरेगी। वहीं यूपी ने एक अनकैप्ड प्लेयर को ही रिटेन किया, इसलिए टीम 14.50 करोड़ रुपए के पर्स और 4 RTM कार्ड के साथ ऑक्शन में आएगी। 2023 में शुरू हुआ था विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत 2023 में हुई थी। तब मुंबई इंडियंस ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में खिताब जीता था। स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरे सीजन का टाइटल उठाया। वहीं हरमन की कप्तानी में ही मुंबई ने 2025 में दूसरी बार भी खिताब जीता।

नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज़ दिल्ली क्राइम का तीसरा सीज़न 13 नवंबर को प्रीमियर होगा

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी लोकप्रिय और बहुचर्चित वेब सीरीज़ दिल्ली क्राइम के तीसरे सीज़न का नया प्रोमो जारी कर दिया हैं। यह नया सीज़न13 नवंबर 2025 को प्रीमियर होगा और एक बार फिर दर्शकों को अपराध, सच्चाई और इंसाफ की खौफनाक लेकिन ज़रूरी कहानी दिखाने वाला है। इस बार कहानी और भी डरावनी और कठोर है। डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) और उनकी टीम एक भयानक मानव तस्करी के केस कीतहकीकात करती नजर आएगी। यह कहानी वास्तविक बेबी फलक घटना से प्रेरित है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। ट्रेलर में शेफालीशाह का दृढ़ और भावनात्मक चेहरा दिखता है, जो एक ऐसे ट्रक का सुराग पाती हैं जिसमें लापता बच्चियों की कहानी छिपी है।कहानी की शुरुआत एक छोड़े हुए नवजात बच्चे से होती है, जो पुलिस को खतरनाक और संगठित तस्करी नेटवर्क तक ले जाती है। यह सीज़न सिर्फअपराधियों के खिलाफ संघर्ष

की कहानी नहीं है, बल्कि उस व्यवस्था की भी पड़ताल करता है जो ऐसी घटनाओं को होने देती है– सामाजिक चूकें, प्रशासनिक लापरवाही और मानवता का क्षय।इस बार सीरीज़ में हुमा कुरैशी भी एक अहम किरदार निभा रही हैं–मीना, जो तस्करी गिरोह की निर्दयी सरगना है। उनके साथ रसीका दुग्गल, राजेशतैलंग, सयानी गुप्ता और मिता वशिष्ठ जैसे अनुभवी कलाकार भी नजर आएंगे, जो कहानी में और गहराई जोड़ते हैं।दिल्ली क्राइम सीज़न 3 दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगा–क्या अपराध केवल अपराधियों का दोष है, या समाज भी कहीं न कहीं उसका मौनगवाह है? शेफाली शाह के दमदार अभिनय और यथार्थवादी निर्देशन के साथ, यह सीरीज़ एक सामाजिक आईना बनेगी जो हमारी संवेदनाओं को झकझोर देगी।यह नया सीज़न 13 नवंबर 2025 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। और यह उन दर्शकों के लिए है जो सिर्फ मनोरंजन नहीं चाहते, बल्कि सच्चाई और इंसाफ की ताकत महसूस करना चाहते हैं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट टीम में लौटे पंत, प्रसिद्ध की जगह आकाशदीप को मौका

मुंबई। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत की 3 महीने बाद टीम में वापसी हुई है। बुधवार शाम को BCCI ने टीम रिलीज की, पंत को तमिलनाडु के नारायण जगदीसन की जगह चुना गया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी बाहर किया गया, उनकी जगह आकाशदीप को मौका मिला। इंग्लैंड में चोटिल हो गए थे पंत ऋषभ पंत चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की होम टेस्ट सीरीज नहीं खेल सके थे। वे इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। पंत के पैर में फ्रैक्चर था। पंत ने 2 नवंबर को बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ

एक्सीलेंस में साउथ अफ्रीका-ए के खिलाफ 4 दिवसीय मैच में भारत-ए की कप्तानी करते हुए मैदान पर वापसी की। वे पहली पारी में तो 17 रन ही बना सके, लेकिन दूसरी पारी में 90 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। पंत के नाम 8 टेस्ट शतक ऋषभ पंत भारत के लिए 47 टेस्ट में 44.50 की औसत से 3427 रन बना चुके हैं। उनके नाम 8 शतक और 18 फिफ्टी भी शामिल हैं। वे टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर हैं। उन्होंने 31 वनडे और 76 वनडे भी खेले हैं।शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान व विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्?डी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और आकाश दीप। साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत में टेस्ट सीरीज जीत चुका है।

विश्व शतरंज कप में दिप्तायन ने किया बड़ा उलटफेर, नेपोम्नियाची को हराया

नई दिल्ली। दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया।

ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया। एकतरफा मुकाबले में घोष ने उन्हें कोई मौका ही नहीं दिया।जीत के बाद उन्होंने कहा, 'यह मेरे शतरंज कैरियर की सबसे बड़ी जीत है।' इससे पहले ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने रूस के अर्सेनी नेस्तेरोव को मात दी। वहीं, विश्व जूनियर चैम्पियन वी प्रणव को नॉर्वे के आर्यन तारी ने हराया।

बादशाह के कोकाइना गाने पर थिरकीं नम्रता मल्ला

भोजपुरी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस नम्रता मल्ला अपने हर नए अवतार और डांस मूव्स के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स की संख्या लाखों में है और हर पोस्ट या वीडियो को उनके फैंस बेहद पसंद करते हैं। उनका फैशन सेंस, खास अंदाज और जबरदस्त डांसिंग स्किल्स उन्हें बाकी अभिनेत्रियों से अलग बनाती हैं। अक्सर नम्रता मल्ला अपने फैंस के लिए चौंकाने वाले वीडियो पोस्ट करती रहती हैं, जिनमें उनका डांस, स्टाइल और एनर्जी साफ देखने को मिलती है। रविवार को भी उन्होंने एक डांस वीडियो पोस्ट किया, जो अब इंटरनेट पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में नम्रता मल्ला बादशाह के गाने कोकाइना पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में उन्होंने गाने के हुक स्टेप को बड़े ही एनर्जेटिक और स्टाइलिश अंदाज में किया है। उनका हर मूव बेहद आकर्षक और परफेक्शन के साथ दिखाई देता है। डांस के दौरान उनके एक्सप्रेशन और जबरदस्त परफॉर्मेंस ने फैंस को कायल कर दिया है। वीडियो की लुक्स और कैमरा एंगल्स भी शानदार हैं। सोशल

मीडिया पर फैंस ने उनके इस वीडियो को काफी पसंद किया और कमेंट्स में उनकी तारीफें की जा रही हैं। कई लोगों ने कहा कि नम्रता ने अपने डांस में बादशाह के गाने की बीट्स को पूरी तरह फॉलो किया और हर स्टेप को बेहद सहज और आकर्षक अंदाज में पेश किया।वहीं कुछ लोगों ने उन्हें भोजपुरी की नोरा फतेही का टैग दिया। कोकाइना गाने की बात करें तो यह बादशाह का नया हिट नंबर है, जिसके संगीत और

अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण संबंधी योजनाओं पर संसदीय समिति का अध्ययन दौरा

जनजातीय क्षेत्रों में साक्षरता और कौशल बढ़ाने पर जोर

भोपाल/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण संबंधी योजनाओं के लिए मध्यप्रदेश के अध्ययन दौरे पर आई संसदीय समिति ने गुरूवार को भोपाल में इन वर्गों के कल्याण की योजनाओं एवं उनकी वर्तमान सामाजिक आर्थिक स्थिति की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने की। संसदीय समिति ने जनजातीय क्षेत्र में साक्षरता दर बढ़ाने, जनजातीय एवं अनुसूचित वर्गों के विद्यार्थियों को कौशल संपन्न बनाने और मैदानी स्तर पर उनकी कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने की अपेक्षा की।

राज्य शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल एवं पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने संसदीय समिति के सदस्यों को शासन के निर्णयों एवं कार्य योजनाओं से अवगत कराया।

समिति के सदस्यों ने मुख्य रूप से अनुसूचित जाति और जनजातियों के विकास की योजनाओं, जल जीवन मिशन के कार्यों, केन्द्रीय बजट के व्यय की स्थिति, विभिन्न विभागों में पदों की स्थिति एवं प्रतिनिधित्व, रोजगार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी मुद्दे, संविधान के अनुच्छेद 275 के अंतर्गत दिए बजट के उपयोग, वन अधिकार, पेसा कानून के क्रियान्वयन, अनुसूचित जाति/जनजाति के विरुद्ध अपराध की रोकथाम संबंधी कानून पर चर्चा की। समिति को म.प्र. में योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी और प्रगति से अवगत कराया गया।

अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल ने अध्ययन समिति को प्रशासन की नीतियों एवं योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि संविधान की भावना के अनुरूप नीतियाँ और योजनाएं बनाई जा रही है। अनुसूचित जाति, जनजातियों के विरुद्ध संभावित अपराधों को रोकने के लिए निगरानी तंत्र को सशक्त किया गया है। सरकारी नौकरियों, पदोन्नतियों में प्रतिनिधित्व का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्री गुलशन बामरा ने संसदीय समिति को अवगत कराया कि पीएम जनमन अभियान में प्रदेश को 7300 करोड रुपए की प्रावधानित राशि मिली है। विगत 5 वर्षों में 812 करोड रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में 499 करोड रुपए स्वीकृत किए गए। पीएम जनमन में हितग्राहीमूलक योजना में आधार कार्ड, जन धन बैंक खाता, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने में प्रदेश ने 100त्न उपलब्धि हासिल की है।

दूरस्थ गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है। शिक्षा के लिए 106 छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 704 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए हैं और 135 नए केंद्रों का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। इनमें से 628 संचालित है। हर घर नल से जल योजना में 8 लाख 43 हजार जनजातीय परिवारों के घरों में नल से जल पहुंच रहा है। दूरस्थ गांव में मोबाइल नेटवर्क के लिए मोबाइल टॉवर स्थापित किये जा रहे हैं।

वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रगति की जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव श्री बामरा ने समिति सदस्यों को बताया कि 2 लाख 89 हजार दावों को मान्य किया गया है और 87 हजार दावों का दोबारा परीक्षण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 28 हजार से ज्यादा सामुदायिक वन अधिकारों को मान्य किया गया है।

संसदीय समिति के सदस्यों में श्रीमती प्रतिमा मंडल, श्री अर्जुन कुमार सागर, श्री जगन्नाथ सरकार, श्री हरिश्चंद्र मीणा, श्री गोविंद मुकथप्पा करजोल, श्री दग्गुमल्ला प्रसाद राव, एडवोकेट श्री चंद्रशेखर, श्री विष्णु दयाल राम लोकसभा से और राज्यसभा से श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक, श्री मिथलेश कुमार, श्री रवांगारा नार्जरी, श्रीमती फुलो देवी नेताम, श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. वी. स?विदासन, श्रीमती ममता ठाकुर शामिल थे। राज्य शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव पंचायत श्रीमती दीपाली रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त अनुसूचित जाति श्री सौरभ कुमार सुमन एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त जनजातीय विकास अधिकारी श्री श्रीमन शुक्ला ने बैठक का संचालन किया।

न्यूज गैलरी

भोपाल में एनजीओ की महिला अधिकारी के घर चोरी: 25 लाख रुपए कीमत के सोने के बिस्किट गायब

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के कमला नगर इलाके में रहने वाली एक एनजीओ की महिला एसोसिएट डायरेक्टर के घर से 25 लाख रुपए का सोना चोरी हो गया है। दो महीने पहले उनकी मां ने उन्हें सोने के दो बिस्किट हिस्से में दिए थे, जिन्हें उन्होंने घर के बेडरूम में रखी अलमारी के लॉकर में रख दिया था। दीपावली से पहले जब उन्होंने सोना चेक किया तो वह गायब था। जिसकी शिकायत आवेदन के माध्यम से उन्होंने थाने में की थी। आवेदन की लंबी जांच के बाद कमला नगर पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की है। संदेह के आधार पर फरियादिया के घर काम करने वाली तीन नौकरानियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। टीआई निरूपा पांडे ने बताया कि निर्वता रघुवंशी गोमती कॉलोनी में रहती हैं और एक एनजीओ में बतौर एसोसिएट डायरेक्टर काम करती हैं। पैतृक संपत्ति में हिस्से के तौर पर उनकी मां दो महीने पहले 25 लाख रुपए कीमत के दो सोने के बिस्किट दिए थे। जिसे उन्होंने अलमारी के लॉकर में रख दिया था। दीपावली से एक दिन पूर्व उन्होंने सोने के बिस्किट चेक किए, जिससे वे जेवरात बनवाना चाहती थीं।

तीनों नौकरानियों के नाम एफआईआर में संदेही के तौर पर दर्ज किया

रखे गए स्थान पर बिस्किट नहीं मिलने पर उन्होंने थाने में शिकायत की। संदेही के तौर पर उन्होंने घर में काम करने वाली अपनी तीन नौकरानियों के नाम बताए थे। पुलिस ने संदेही के तौर पर तीनों का नाम एफआईआर में दर्ज किया है। पुलिस जल्द पूरे मामले का खुलासा करने की बात कह रही है।

रीवा से दिल्ली के लिये 72 सीटर विमान भरेगा उड़ान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री नायडू 10 नवम्बर को विमान करेंगे रवाना

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

भोपाल/नवप्रदेश। विन्ध्यवासियों के लिये इंतजार की घड़ी समाप्त हो रही है। रीवा, विन्ध्य एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को वायु सेवा का नियमित लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। रीवा से दिल्ली के लिये 72 सीटर विमान 10 नवम्बर को रीवा एयरपोर्ट से रवाना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री राममोहन नायडू एलायंस एयर के एटीआर 72 को दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिये रवाना करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आगामी 10 नवम्बर को एयरपोर्ट रीवा में सुबह 11 बजे से आयोजित होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। एयरपोर्ट रीवा में मंच व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में हवाई सुविधाओं में वृद्धि हुई साथ ही आर्थिक सुदृड़ता आई है। यह एयरपोर्ट केवल आधारभूत संरचना नहीं बल्कि विन्ध्य क्षेत्र के विकास को दिशा देने वाला माध्यम है। इससे क्षेत्र की आर्थिक, पर्यटन और औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय लिखा जा रहा है। एटीआर-72 विमान के संचालन से विन्ध्य क्षेत्र के साथ ही जिले से लगे उत्तरप्रदेश के लोगों को भी इससे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रीवा से इंदौर के लिये भी वायु सेवा शुरू होगी जिससे कनेक्टिंग तौर पर यात्रियों को इंदौर से देश के अन्य शहरों के लिये भी वायुयान उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर एलायंस एयर के प्रतिनिधि श्री मुकेश जायसवाल व श्री यशवर्धन सिंह ने बताया कि 10 नवम्बर को वायुयान 12.10 बजे रीवा से दिल्ली रवाना होगा। इसके बाद 11 नवम्बर से सप्ताह में तीन दिन विमान का नियमित रूप से संचालन होगा। बैठक में आयुक्त रीवा संभाग श्री बी.एस. जामोद, आईजी श्री गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय सहित प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली के तार चोरी करने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हरदा वृत्त के अंतर्गत ग्राम खामापड़वां और छीपाबड़ में बिजली के तार चोरी करने वाले अज्ञात आरोपित के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबंधक वितरण केन्द्र हरदा श्री अरूण कुमार चंदेले ने बताया कि वितरण केन्द्र हरदा संभाग (दक्षिण) के ग्राम खामापड़वां में 31 अक्टूबर से 01 नवंबर 2025 के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11 केवी कुल 13 खंबे कुकरावत पंप फीडर के एएएसी रैकुन तीनों तार जिसकी लंबाई लगभग 0.91 किलोमीटर विद्युत लाइन जिसकी कीमत दो लाख, 55 हजार रूपए है, के तार चोरी कर लिए गए हैं। चोरी की जानकारी मिलने पर कंपनी द्वारा पंचनामा तैयार कर 04 नवंबर को थाना सिविल लाइन हरदा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना सिविल लाइन हरदा द्वारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 303(2) के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सहायक प्रबंधक उपसंभाग खिरकिया श्री बालकृष्ण पल्हेवार ने बताया कि खिरकिया के ग्राम छीपाबड़ में 30 अक्टूबर रात्रि 10 बजे से 31 अक्टूबर 2025 सुबह 6 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11 केवी पहट

मध्य प्रदेश से गुजरेंगी यह स्पेशल ट्रेनें: महाराष्ट्र और बिहार के यात्रियों को लाभ

भोपाल/नवप्रदेश। त्योहारों के सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के तहत मध्य प्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिए दो प्रमुख रूटों पर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनमें एक ओर बिहार से मुंबई (बरौनी-बांद्रा टर्मिनस) के बीच इटारसी होकर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी वहीं दूसरी ओर रानी कमलापति (भोपाल) से दानापुर (पटना) के बीच दो अतिरिक्त ट्रिप वाली स्पेशल ट्रेन भी संचालित होगी। रेल प्रशासन ने बताया कि यह निर्णय अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए लिया गया है, ताकि प्रदेश से गुजरने वाले यात्रियों को बिना परेशानी के यात्रा सुविधा मिल सके। रेलवे ने बरौनी से बांद्रा टर्मिनस के बीच 7, 8 और 9 नवंबर को तीन विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये सभी ट्रेनें इटारसी होकर गुजरेंगी, जिससे भोपाल, नर्मदापुरम और आसपास के यात्रियों को सीधे पश्चिम दिशा की यात्रा में सुविधा मिलेगी। गाड़ी संख्या 05213 (07 नवंबर)बरौनी से दोपहर 12ः00 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 9ः05 बजे इटारसी पहुंचेगी और तीसरे दिन सुबह 4ः45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 05215 (08 नवंबर)समय और मार्ग समान रहेगा।

गाड़ी संख्या 05217 (09 नवंबर)समय वही रहेगा।

ठहरावः मोकामा, बाड़, पटना, दानापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नवसारी, वलसाड, वापी, दहानू रोड, पालघर, विरार और बसई रोड स्टेशन पर रहेगा।

रानी कमलापतिङ्कदानापुर स्पेशल ट्रेन की दो और ट्रिप रानी कमलापतिङ्कदानापुरङ्करानी कमलापति स्पेशल ट्रेन की दो अतिरिक्त ट्रिप 8 और 11 नवंबर (रानी कमलापति से) तथा 9 और 12 नवंबर (दानापुर से) चलाई जाएंगी। यह सप्ताह में दो दिन चलाई जाएगी।इसमें गाड़ी संख्या 01667रानी कमलापति से हर शनिवार और मंगलवार को दोपहर 2:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

वहीं गाड़ी संख्या 01668दानापुर से हर रविवार और बुधवार को सुबह 11ः00 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8ः55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। यह ट्रेन नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा पर हॉल्ट लेगी।

मरीज बैठे-डॉक्टर गायब, 7 दिन का वेतन काटा

सीएमएचओ के निर्देश- ओपीडी से गायब स्टाफ को नहीं मिलेगी सैलरी, तीन पर कार्रवाई

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों की मनमानी पर एक बार फिर कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनीष शर्मा ने गुरुवार सुबह 9 से 11ः30 बजे के बीच अलग-अलग ओपीडी और डिस्पेंसरी का अचानक निरीक्षण किया। जहां तीन डॉक्टर ड्यूटी टाइम पर गैरहाजिर मिले। सीएमएचओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों डॉक्टरों के 7 दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। यह भी तय किया गया है कि किसी भी डॉक्टर का वेतन तभी आहरित होगा, जब उसकी उपस्थिति सार्थक एप पर दर्ज मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सुबह 9:30 बजे सिविल डिस्पेंसरी बागसेवनिया में संस्था प्रभारी डॉ. स्मिता लाड गैरमौजूद मिलीं। वहीं 10:30 बजे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोकता में पदस्थ डॉ. सलोनी सिंह मौजूद नहीं थीं, हालांकि उनकी उपस्थिति सार्थक एप पर दर्ज थी। इसी तरह सुबह 11:30 बजे तक संजीवनी क्लिनिक हबीबिया स्कूल में ड्यूटी पर रहने वाली डॉ. समरीन खान भी नहीं पहुंचीं। सीएमएचओ ने इन तीनों डॉक्टरों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि अब सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की उपस्थिति का मिलान सार्थक एप से किया जाएगा। डॉक्टर की उपस्थिति एप और रजिस्टर दोनों में एक समान होनी चाहिए, अन्यथा उस अवधि का वेतन रोका जाएगा। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि अक्टूबर माह में जिन चिकित्सकों की उपस्थिति एप में दर्ज नहीं है, उनका वेतन जारी न किया जाए।

डॉ. शर्मा ने बताया कि डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण अभियान जारी रहेगा। लगातार तीन बार नोटिस मिलने के बाद भी सुधार न करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को ओपीडी में समय पर चिकित्सा सेवा मिलना सबसे पहली प्राथमिकता है, और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की

कोलार में 11 एकड़ में 11 करोड़ से तैयार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम, 25 को होगा लोकार्पण

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंडोर-आउटडोर स्टेडियम का 25 नवंबर को लोकार्पण करेंगे। भोपाल के हुजूर से विधायक रामेश्वर शर्मा ने स्टेडियम की अंतिम तैयारियों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। राजधानी भोपाल की जनता को जल्द ही एक नए स्टेडियम की सौगात मिलने वाली हैं। कोलार क्षेत्र में 11 एकड़ भूमि पर 11 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम अब लोकार्पण के लिए लगभग तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 25 नवंबर को इस अत्याधुनिक स्टेडियम का शुभारंभ करेंगे। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने गुरुवार को नवनिर्मित स्टेडियम का निरीक्षण किया और अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह स्टेडियम न केवल कोलार बल्कि पूरे भोपाल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खेल सुविधाओं का बड़ा केंद्र बनेगा। यह स्टेडियम अपनी तरह का अनोखा परिसर है, जिसमें इंडोर और आउटडोर दोनों तरह के खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां एक साथ क्रिकेट, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, मलखंभ, बास्केटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बॉक्सिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रस्साकशी सहित कई खेल खेले जा सकेंगे। शर्मा ने कहा कि भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार के संयुक्त सहयोग से यह परियोजना साकार हुई है।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस अलर्ट मोड पर, पीसीसी में बनी रणनीति, जिला अध्यक्षों को मिली अहम जिम्मेदारी

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश कांग्रेस एसआईआर अभियान को लेकर अलर्ट मोड में आ गई है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में PCC में रणनीतिक बैठक हुई, जबकि पचमढ़ी में चल रहे जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची और एसआईआर मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

मध्य प्रदेश में चल रहे विशेष मतदाता पुनः निरीक्षण (SIR) अभियान को लेकर कांग्रेस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (PCC) में प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई, जिसमें पूरे प्रदेश के लिए रणनीति बनाई गई। जीतू पटवारी ने बैठक के बाद कहा कि ÷देश में अगर किसी पार्टी ने आम जनता के मताधिकार की रक्षा करनी है तो वह कांग्रेस है। एसआईआर देशभर में वोटिंग में गड़बड़ी और धोखाधड़ी रोकने का अहम उपकरण है, जिसे राहुल गांधी ने कल देश के सामने रखा। कांग्रेस को देश की आम आदमी की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। इधर पचमढ़ी में चल रहे जिला अध्यक्षों के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर में भी

एसआईआर से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची कार्य और SIR मॉनिटरिंग की निगरानी करेंगे। पटवारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस 8 नवंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एसआईआर से जुड़ी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करेगी। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया कि राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब चुनाव आयोग की बजाय बीजेपी के नेता क्यों दे रहे हैं। संगठन महामंत्री डॉ. संजय कमले ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर, कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग ने सभी जिलों में एसआईआर और राजनीतिक प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति की है। यह कदम पार्टी के संगठनात्मक पुनर्गठन और बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क खड़ा करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। 2 से 11 नवंबर तक पचमढ़ी में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के बाद अब चयनित प्रशिक्षक अपने-अपने जिलों में मतदाता सूची कार्य, बूथ सशक्तिकरण और राजनीतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे। प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष महेंद्र जोशी ने कहा कि प्रशिक्षण ही संगठन की आत्मा है। कार्यकर्ताओं का यह सशक्तिकरण कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का आधार बनेगा।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नं. 03 नेशनल प्रेस एरिया लिंक रोड नं. 3 से मुद्रित कर ई -2/237 अरेरा कॉलोनी भोपाल से प्रकाशित मो. 9425237314 Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)